# हमारी संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर लोगों जागरूक करें सांस्कृतिक योद्धा: सीएम योगी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा कि डिजिटल युग में हमारी संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर सांस्कृतिक योद्धा लोगों जागरूक करें, लेकिन कानून को अपने हाथों में न लें। अगर कानून को अपने हाथ में लेंगे तो आप उनकी मदद करेंगे, उनके लिए बचाव का रास्ता खोल देंगे। ऐसी किसी तरह की सूचना मिलने पर सांस्कृतिक योद्धा पुलिस को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल युग जितना लाभकारी है उतना ही खतरनाक भी है। हाल ही में एक घटना सामने आई थी, जिसमें ऑनलाइन गेमिंग माध्यम से स्कूली बच्चों का धर्मांतरण कराया जा रहा था। बहुत बड़ा गिरोह है, जिसे हमारी पुलिस ने पकड़ा था।

सीएम योगी ने रविवार को



गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय में ₹सेव कल्चर सेव इंडिया फाउंडेशन₹ द्वारा आयोजित 'सेव कल्चर सेव इंडिया मिशन' में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्मांतरण को लेकर कुछ दिनों पहले एक और गिरोह का पर्दाफाश हुआ था, जो मूक बधिर बच्चों का धर्मांतरण करा रहा था। धर्मांतरण की घटनाएं सिर्फ उत्तर प्रदेश में नहीं हो रही हैं। ऐसे लोग षडयंत्र के तहत सभ्य परिवारों के बीच अपनी जगह बनाते हैं। आगे क्या होता है वह आप सबके सामने हुआ। हाल ही में दिल्ली और मुंबई हुई घटनाएं इसका बड़ा उदाहरण है। हमारी सरकार इसको रोकने के लिए अध्यादेश लेकर आई है और कानून उसके हिसाब से कार्य कर रहा है।

दुनिया के सभी देशों की अपनी विशिष्ट पहचान है। उदाहरण स्वरूप हम फ्रांस को देखें तो कला उसकी पहचान है। ब्रिटेन अपने व्यवसायिक हितों के लिए जाना जाता है। उसी तरह भारत की पहचान उसकी संस्कृति है। इसलिए कहा गया है- 'भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा' यानी संस्कृत और संस्कृति भारत की पहचान है। इसका मतलब है कि भारत अपनी संस्कृति के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज में कुछ भी नहीं परोसा जा सकता है। उसके भी कुछ नियम और कायदे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि संस्कृति यानी बीज का पनप जाना और फल फूलकर लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना है, लेकिन बीज का सड़ जाना गल जाना यह उसकी विकृति है। संस्कृति पर हमला बीज को गलाने और सड़ाने के लिए किया जाता है, जो सबसे खतरनाक है। उन्होंने कहा कि मुगल इस देश में तब तक आराम से शासन करते रहे जब तक उन्होंने मंदिरों पर हमला नहीं किया, जब उन्होंने मंदिरों पर हमला करना शुरू किया तो उनका पतन होना शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि सुनने में आता है कि औरंगजेब के वंशज कोलकाता में रिक्शा चला रहे हैं। देवासुर संग्राम धर्म-अधर्म, सत्य-असत्य और न्याय-अन्याय के बीच ही हुआ था। हर कालखंड में अच्छे और बुरे लोग रहे हैं। आज संस्कृति पर अलग-अलग माध्यमों से हो रहे हैं। महत्वपूर्ण यह है कि अच्छे लोग संस्कृति बचाओ अभियान का हिस्सा बनें और लोगों को जागरूक करें। सामान्य व्यक्ति अपने बहुमूल्य समय में से औसतन 6-8 घंटा अपने मोबाइल पर खर्च करता है। अगर वह अपना समय सही दिशा में कर रहा है तब तो ठीक है, नहीं तो वह पतन की ओर जा रहा है। हमें लोगों को जागरूक करना होगा और उन्हें इस लायक बनाना होगा कि वह समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन कर सकें।

### सांस्कृतिक योद्धा हुए सम्मानित

कार्यक्रम में सीएम योगी ने 'सेव कल्चर सेव इंडिया मिशन' की वेबसाइट लॉन्च की। इसके अलावा भारतीय संस्कृति की रक्षा करने वाले सांस्कृतिक योद्धाओं को फाउंडेशन की ओर से एक लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक योद्धाओं को यह सम्मान सीएम योगी ने दिया। इनमें स्वच्छ साइबर भारत आंदोलन चलाने वाले अभय शाह, रचनात्मक ब्रांडिंग और 'एक लड़की' जैसी बहु चर्चित फिल्म बनाने वाले मनीष प्राणिया, वरिष्ठ लेखिका और पिक्सल की सीईओ वैशाली शाह, फिल्म निर्माता प्रवीण चतुर्वेदी, हिंदू जनजागरण समिति के प्रवक्ता रमेश शिंदे, पत्रकार स्वाति गोयल शर्मा, टीवी एंकर प्रदीप भंडारी, जेम्स ऑफ बॉलीवुड आंदोलन चलाने वाले संजीव नेवर, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन शामिल रहे।

# ताबड़तोड़ चोरियों से इटियाथोक क्षेत्र मे दहशत, दो भैंस रात में खोल ले गए चोर

**» तीन दिवस के भीतर कई चोरियां, पेशोपेश में पुलिस**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**इटियाथोक (गोंडा)।** इटियाथोक थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से लोगों में दहशत व्याप्त है। वहीं पुलिस भी हैरान-परेशान और पेशोपेश में है। कोई भी दिन ऐसा नही गुजरता कि जब चोरी की घटनाएं ना हुई हों।

चोरी की घटना के डर से लोग अब रातभर जागकर अपने घरों की रखवाली कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार की रात चोरों ने दो भैंस की चोरी कर लिया। जिसकी शिकायत स्थानीय थाने पर किया गया है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसिया बहोरी पुर निवासी करूणपति मिश्र के दरवाजे पर टीन शेड में बंधी दो भैंस और एक पड़वा को चोरों ने देर रात चोरी कर लिया। पीड़ित के अनुसार, सुबह होने पर जब भैंस को बांधने के लिए गया तो देखा उसमें दोनों भैंस नहीं थी।

इधर-उधर तलाश करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। संदेह के आधार पर चोरी में शामिल ग्राम बिरमा पुर निवासी कलीम पुत्र धनिया व तीन अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि रात में दोनों भैंस को टीन शेड में बांध दिया था। सुबह जब उसे नादा पर बांधने के लिए गया तो भैंस उसमें नहीं बधी थी, जिस पर हल्ला गुहार मचाया और खोजबीन शुरू किया लेकिन कहीं पता नहीं चला है। घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई। गांव के लोग भी ढूंढने लगे लेकिन भैंस का कुछ पता नहीं चल पाया।

# 22 वर्षीय पुत्री पूजा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** थाना महाराजगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर बैहारी के मजरा मठिया सरैया नाउका पुरवा निवासी दुखीराम की 22 वर्षीय पुत्री पूजा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की घटना को सुनकर बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मृतका के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में श्मशान घाट दिलासीगंज में शामिल हुआ एवं मृतका के घर जाकर उनकी विधवा माता एवं आस-पड़ोस के लोगों से घटना की जानकारी लिया घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ हैं परिजनों को ₹50लाख की आर्थिक सहायता की मांग किया है बसपा निधि मंडल में बहुजन समाज पार्टी अयोध्या मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी दिलीप कुमार विमल बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी मंडल जोन इंचार्ज वीरेंद्र कुमार गौतम विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज के अध्यक्ष रविंद्र भारती सुभाष मौर्य ग्राम प्रधान बंसीधर बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर अध्यक्ष मनोरम वीरेंद्र कुमार पिंटू संदीप कुमार विनोद कुमार मैनकुमार रामकरण मतिमंद राम यज्ञ राव फिरोज अहमद राम नयन भारती मंसाराम अरविंद कुमार रंजीत कुमार अभिषेक जाटों राजमणि मायाराम डॉ जनार्दन रामलाल मनोज पाल मोहम्मद अली शालिग्राम विश्वनाथ कुमार राजेश कुमार कन्हैयालाल मान बहादुर अरविंद कुमार मोहम्मद सफीक सुनील कुमार सहित सैकड़ों लोग थे बसपा नेता दिलीप कुमार विमल ने कहा है कि पूजा की हत्या करके आत्महत्या का रूप दिया गया है परिजन के अनुसार गांव के ही एक नवयुवक द्वारा काफी दिनों से उसे परेशान किया जा रहा है जबरन उसके ऊपर शादी अन्यत्र जगह न करने का दबाव बनाया जा रहा है था यही नहीं 23 जून की शाम को युवक द्वारा घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करना एवं उसके हाथ में कई जगह दांत काटकर उसको मानसिक उत्पीड़ित करने का कार्य किया गया था जिसकी शिकायत मृतका की मां ने नवयुग के पिता से जाकर किया था फिर भी उसकी आदत में कोई सुधार नहीं था लेकिन स्थानीय थाना हत्या की रिपोर्ट दर्ज करके आत्महत्या की रिपोर्ट दर्ज किया है हत्या में एक व्यक्ति नहीं होगा कई अन्य लोग शामिल होंगे यदि पीड़िता का मोबाइल एवं नवयुवक कि मोबाइल को पुलिस छानबीन करें तो घटना में शामिल लोगों का नाम सामने आ सकता है उन्होंने कहा कि 2 दिन के अंदर यदि मुलजिम गिरफ्तार होकर जेल ना भेजे गए तो बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग करेगा।

# नगदी सहित शातिर चोर गिरफ्तार, भेजा गया जेल, पीड़ितों ने ली राहत की सांस




**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोण्डा।** कोतवाली नगर बडगांव पुलिस चौकी का प्रभार संभालते ही चौकी प्रभारी अश्विनी कुमार दुबे ने खुले लफ्जों में कहा था क्षेत्र से चोर, उचक्के, छिनैती करने वाले अपराधी बंद कर दें ये अपराध या छोड़ दें क्षेत्र अन्यथा उनके विरुद्ध की जाएगी दंडात्मक कार्यवाही ।

इसी क्रम में आखिरकार चोरी के नगदी रूपयों के साथ शातिर चोर सूरज यादव लग गया श्री दुबे के हाथ जिसके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि थाना कोतवाली नगर में शम्भू नाथ गुप्ता पुत्र स्व0 रामलाल निवासी रानीबाजार कोतवाली द्वारा मु0अ0स0 515/2023 धारा 380 भादवि थाना नगर कोतवाली मे अज्ञात चोर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिस मामले में बड़गाव चौकी प्रभारी अश्विनी दुबे के प्रयास तथा सूत्रों की सूचना पर श्री दुबे ने सुरज गुप्ता निवासी रानी बाजार थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा, हालपता - माननीय काशीराम आवास जेल रोड थाना कोतवाली नगर से गिरफ्तार कर लिया जिसके कब्जे से एक लाख नवासी हजार (189000) रूपया व आधार कार्ड शम्भूनाथ गुप्ता का व सी.सी. फुटेज कैमरे का डी.वी आर बरामद कर लिया। जिसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र के तमाम संभ्रांत एवं नगर वासियों ने अश्वनी दुबे सहित उनके हमराहियों का आभार जताते हुए भूर भूर प्रशंसा करते नहीं थक रहे।

# कांग्रेस ने मुझे भी 16 महीने जेल में डाला था : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**» मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर कागारौल की जनसभा में बोले रक्षा मंत्री**




**लोकमित्र ब्यूरो**

**आगरा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज यहां कागारौल ग्रामीण क्षेत्र में जनसभा करते हुए विपक्षी पार्टी कांग्रेस को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाते हुए लोकतंत्र की हत्या की थी, यह काला अध्याय सदैव याद रखा जाएगा। मैंने भी 16 महीने जेल में बिताए थे।

केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा महा जनसंपर्क अभियान चला रही है। इस अभियान को और गति देने के लिए आज रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां आए। उन्होंने अपनी पहली जनसभा फतेहपुरसीकरी लोकसभा क्षेत्र के कागारौल में की। उन्होंने कहा कि आज 25 जून का दिन है। इसी दिन 1975 में आपातकाल लगाया गया था और लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस पटना में पीएम नरेन्द्र मोदी को हटाने के लिए बैठक कर रही है। कहती है देश में लोकतंत्र नहीं तो हिमाचल, राजस्थान, कर्नाटक में उनकी सरकार कैसे बनी। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान बढ़ाया है। देश को आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाया है। वर्ष 2014 में अर्थव्यवस्था में 11वें स्थान पर रहा देश आज पांचवें स्थान पर आ चुका है। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की सीमाएं सुरक्षित है। पाकिस्तान ने उरी में कायराना हरकत की थी तो हमने सीमा के अंदर घुस के आतंकवाद का सफाया किया। गांव, गरीब, किसान के लिए काम हो रहा है मुफ्त राशन मिल रहा है कुछ लोग तो बेच भी ले रहे हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुरुस्त बनाया है। किसी भी राज्य के विकास के लिए यह सबसे जरूरी है।

# फेसबुक पर दोस्ती की, फिर ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर ठग लिए चार लाख




**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद ब्यूरो (लोनी)।** फार्मा कंपनी में काम करने वाले युवक से फेसबुक पर दोस्ती कर युवती ने ऑनलाइन कमाई का झांसा दिया। झांसा देकर युवती से चार लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।बुद्धनगर नसबंदी कालोनी निवासी फिरोज का कहना है कि वह फार्मा कंपनी में काम करते हैं। नवंबर माह में उनकी फेसबुक पर एक युवती से दोस्ती हुई। युवती ने स्वयं को थाईलैंड से होने की जानकारी दी। जनवरी माह में युवती ने उनका मोबाइल नंबर ले लिया। युवती ने उन्हें वह ऑनलाइन काम कर लाखों रुपये कमाने की बात कही। युवती ने उन्हें रुपये कमाने का झांसा दिया। उसने बताया कि ऑनलाइन एड शेयर करने पर रुपये मिलेंगे। इसके बाद युवती ने उनके फोन में हाईगो विप एप डाउनलोड कराकर उनके एकाउंट में पांच सौ रुपये डाले। एड शेयर करने पर उन्हें 93 मिले। जिसके बाद उनसे रुपये जमा करने को कहा गया। उन्होंने पांच हजार रुपये जमा कर दिए। एक के बाद एक टास्क मिलने पर उन्होंने 416449 रुपये जमा कर दिए। टास्क पूरा होने पर उन्होंने रुपये निकालने चाहे लेकिन रुपये नहीं निकले। उनसे टैक्स के नाम पर एक लाख रुपये जमा करने को कहा गया। उनके रुपये जमा न करने पर युवती ने उनका नंबर ब्लाक कर दिया। जिसके बाद उन्हें ठगी होने का पता चला। उन्होंने आरोपी युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### शिव शक्ति अपार्टमेंट मे पैनल बाक्स की स्थिति बदहाल

**नोएडा।** सेक्टर 71 शिव शक्ति अपार्टमेंट में बिजली के पैनल बाक्स की स्थिति जर्जर हो चुकी है। पैनल बाक्स के गल जाने के कारण नजदीक के घरों में बिजली का करंट भी आ जाता है जिससे लोगों को विद्युत का खतरा बना हुआ है। लेकिन बिजली अधिकारी हाथ पर हाथ रखे बैठे हुए हैं। शायद ये किसी अनहोनी का इन्तजार कर रहे हैं। शिव शक्ति अपार्टमेंट के आर डब्ल्यू ए महासचिव संजय शुक्ला ने आज हमारे ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल से एक बातचीत में बताया कि हमारे सोसायटी में बिजली का पैनल बाक्स जर्जर हो चुका है जिससे आम जनता का जीना दुश्वार हो गया है। हमने इसकी शिकायत विद्युत अभियंता सेक्टर 16 को मौखिक एवं लिखित कयी बार कर चुके हैं। लेकिन सेक्टर वासियों को सिर्फ आश्वासन ही मिला है। महासचिव संजय शुक्ला ने कहा कि यदि एक सप्ताह में सोसायटी का पैनल बाक्स नहीं ठीक होता है।

# स्थानीय बाजार मे मेडिकल स्टोर्स पर ड्रग इंस्पेक्टर के छापेमारी से मचा हड़कंप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नवाबगंज (गोण्डा)।** नवाबगंज स्थित सीएचसी और कस्बे में संचालित मेडिकल स्टोरों पर गत शनिवार को ड्रग इंस्पेक्टर रजिया बानो ने औचक छापेमारी की। छापेमारी की सूचना मिलते ही कस्बे और सीएचसी के आसपास स्थित मेडिकल स्टोरों के संचालक दुकान बंद कर फरार हो गए। मेडिकल स्टोर के अलावा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र भी बंद



लगभग एक घंटे तक ड्रग इंस्पेक्टर सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर जन औषधि केंद्र के संचालक का इंतजार करती रहीं। एक घंटे बाद जन औषधि केंद्र के संचालक सुनील सिंह केंद्र पर पंहुचे जिसके बाद ड्रग इंस्पेक्टर ने केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शासन के दिशा-निर्देश पर जनपद में संचालित सभी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का निरीक्षण किया जाना है जिसके क्रम में नवाबगंज सीएचसी के पास संचालित केंद्र का निरीक्षण किया जाना था। जिसके संबंध में केंद्र संचालक को सूचित किया गया था, लेकिन केंद्र संचालक सुनील सिंह खुद तो केंद्र बंद करके फरार हो गए साथ ही आसपास संचालित मेडिकल स्टोरों के संचालकों को भी सूचना लीक कर दी जिस कारण मौके पर सभी मेडिकल स्टोर बंद मिले।

हालांकि बाद में केंद्र संचालक ने निरीक्षण के दौरान अपनी गलती मानी और कई बार माफी भी मांगी। प्रधान मंत्री जन औषधि केंद्र पर जन औषधि के मानकों के अनुसार दवाएं नहीं मिली। उक्त जानकारी देने के साथ ही रजिया बानो ने बताया ब्रांडेड एंटीबायोटिक मिली हैं जोकि जन औषधि केंद्रों पर नहीं होनी चाहिए। केंद्र पर रेफ्रिजरेटर भी नहीं है। जन औषधि केंद्र पर अभिलेख भी संतोषजनक नहीं मिले हैं।

सैम्पल लिए गए हैं जिनकी जांच नियमानुसार कराई जायेगी। फिलहाल जन औषधि केंद्र को अग्रिम आदेश तक बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कस्बे और सीएचसी के आसपास बंद मिले मेडिकल स्टोर संचालकों को नोटिस जारी किया जाएगा। अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोरों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मणिपुर हिंसा पर राम गोपाल यादव का केंद्र सरकार पर हमला, बोले- राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।

# बारात में पिता-पुत्र की हुई पिटाई, रिपोर्ट दर्ज




**लोकमित्र ब्यूरो**

**परसपुर गोण्डा।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जबदा गाँव में आई बारात में कुछ लोगों की पिटाई कर दी गई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोतवाली देहात के ग्राम खरगूपुर खदरनपुरवा निवासी राहुल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बीते शुक्रवार को वह परसपुर क्षेत्र के ग्राम जबदा में आई बारात में शामिल होने गया था। वहीं पर रात के करीब साढ़े ग्यारह बजे दो लोग पहुंचकर अनायास मारने पीटने लगे। हल्ला गुहार सुनकर बचाने पहुंचे पीड़ति के पिता लाखन की भी विपक्षियों ने पिटाई कर दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रणविजय सिंह ने बताया कि पीड़ति के तहरीर के आधार पर जबदा निवासी संदीप एवं बैसनपुरवा कर्नलगंज निवासी रवि के खिलाफ मारपीट की कानूनी धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शूरू कर दी गई है।

# काम्यकेश्वर तीर्थ का जीर्णोद्धार और विकास कार्यों का तैयार किया जाएगा रोडमैप : उपेंद्र सिंघल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि काम्यकेश्वर तीर्थ का जीर्णोद्धार और सरोवर का नवीनीकरण कराया जाएगा। तीर्थ की महत्ता बारे पर्यटकों व श्रद्धालुओं को अवगत कराया जाएगा ताकि आवागमन बढ़े। इसके साथ ही तीर्थ पर विकास कार्यों का रोडमैप तैयार कर जल्द ही अमलीजामा पहनाया जाएगा।रविवार को मानद सचिव ने काम्यकेश्वर तीर्थ पर शुक्ला सप्तमी के पावन अवसर पर आयोजित मेले में विश्व शांति महायज्ञ में पूर्णाहुति डाली। विश्वशांति महायज्ञ में राज्यमंत्री संदीप सिंह के पिता गुरचरण सिंह, जयराम आश्रम से ब्रह्मचारी सत्यवान, ब्रह्मचारी रोहताश, जयराम संस्था के ट्रस्टी केके कौशिक व राजेंद्र सिंगला, ब्लाक समिति के पूर्व चेयरमैन देवीदयाल घराड़सी ने भी पूर्णाहुति डाली। रविवारीय सप्तमी पर श्रद्धालुओं ने



काम्येश्वर तीर्थ में श्रद्धा की डुबकी लगाई। तीर्थ में स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने दूध, दही, गंगाजल आदि चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की। तीर्थ पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ब्राह्मणों ने विश्व शांति यज्ञ किया। यज्ञ के उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ। उसमें साधु-महात्माओं और ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। केडीबी मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि तीर्थ पर पार्किंग स्थल को पक्का कराया जाएगा। मेले के दौरान आयोजित होने वाले भंडारा स्थल पर शैड डलवाया जाएगा। काम्यकेश्वर तीर्थ के जीर्णोद्धार को लेकर कमोदा के ग्रामीणों ने मानद सचिव को मांग पत्र भी सौंपा। ग्रामीणों ने मांग कि केडीबी से चलने वाली तीर्थ दर्शन बसों का रूट कमोदा तीर्थ के लिए भी बनाया जाए। केडीबी योजना तालाब के नवीनीकरण से लेकर नया भवन बनाने की है, इससे आने वाले दिनों में मंदिर की शोभा बढ़ेगी और श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा होगा। महाभारत कालीन काम्यकेश्वर तीर्थ पर शुक्ल पक्ष रविवारीय सप्तमी के दिन पूजन का विशेष महत्व है। पुराण में वर्णित है कि शुक्ल पक्ष की रविवारीय सप्तमी के दिन स्नान करने के लिए पाडवों ने काफी लंबा इतजार किया फिर भी उनको इस दिन स्नान करने का सौभाग्य नहीं मिला। ग्रामीण सुमिंद्र शास्त्री ने बताया कि इस स्थान पर मात्र प्रवेश से ही मनुष्य मोक्ष की प्राप्ति कर पुण्य का भागी बनता है। वनवास के दौरान पाडव आठ वर्ष 11 मास तक इसी धरा पर रहे। उनके साथ 10 हजार के करीब शास्त्रोतियानिष्ठ ब्राह्मण रहते थे, जो नित्य प्रति भगवान शिव का अभिषेक व अनुष्ठान किया करते थे। नीतिवेता विदुर जी, वेदव्यास जी, मारकंडेय जी एवं लोमहर्षण ऋषि जी नित्यप्रति महापुरुषों के जीवन का वृतात इसी धरा पर बताते थे। ग्रामीण सुखदेव शर्मा ने बताया कि पांडवों के वंशज अपने पितरों की मुक्ति एवं मनोकामना के लिए शुक्ल सप्तमी का इंतजार करते रहे। रविवार को तीर्थ के पवित्र सरोवर पर सुबह श्रद्धालुओं ने स्नान किया और शिवलिंग पर अभिषेक किया। मंदिर में विश्व शांति यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। मंदिर परिसर में कई दुकानें भी लगी, जिस पर लोगों ने खरीदारी की।

**लोकमित्र समाचार में प्रकाशित खबर का असर**

### अवैध प्लाटिंग कारोबार पर बड़ा आरोप, शिकायत पर प्रशासन ने संज्ञान लिया

**टिकैतनगर बाराबंकी।** अवैध प्लाटिंग करने वालो को लाभ देने के उददेश से पटवाई जा रही थी नगर पंचायत की सरकारी जमीन, दो डंपर पकड़े गए। अभी कल प्रकाशित हुई खबर कि जनपद के नगर पंचायत टिकैतनगर में क सहारे पर जमकर फल फूल रहा है में अवैध प्लाटिंग का कारोबार। बड़ा आरोप ! नगर पंचायत क्षेत्र में एक स्थान पर पटाई का कार्य किया जा रहा है। जबकि वहां के सभासदों ने बताया कि हमे ऐसे किसी भी प्रस्ताव की कोई भी जानकारी नही है। सभासदो का कहना है कि वह उक्त अवैध प्लाटिंग करने वालो को नगर पंचायत द्वारा जो व्यक्तिगत लाभ पहुँचाने के लिए जो अवैध कब्जा देने का कार्य किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि नगर पंचायत की सरकारी जमीन पर मिट्टी डलवा कर अवैध कब्जा करवाया जा रहा था।

# भाकियू पंचायत धरना स्थल पर संपन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन की अति आवश्यक पंचायत धरना स्थल पर जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। धरने का 32 दिन हो जाने पर ही प्रशासन द्वारा समस्या समाधान न करने पर आक्रोश व्यक्त किया गया और आर-पार का आंदोलन करने का निर्णय लिया गया और ज्ञापन की पहली समस्या तथा तहसील सोहावल की समस्याओं समाधान के लिए 3 जुलाई 2023 को अरकुना बाजार (सोहावल )में किसान महापंचायत करने और परमहंस के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करने ही मांग को लेकर ०5 जुलाई2023 को क्षेत्राधिकारी नगर का घेराव करने का निर्णय लिया गया है।

भारतीय किसान यूनियन की राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि 25-5-2023 से किसान समस्याओं के समाधान को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा तिकोनिया पार्क में अनिश्चितकालीन धरना चलाया जा रहा है जिला प्रशासन पूरी तरह से कुंभकर्णी नींद में सो रहा है अनिश्चितकालीन धरना का 32दिन बीत जाने के बाद भी एक भी समस्या का समाधान नहीं कराया गया जबकि अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह 24 घंटे अंदर पांच समस्याओं का समाधान करने तथा नगर मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार द्विवेदी द्वारा 22- 6- 2023 को समस्याओं के समाधान करने के आश्वासन देने के बाद भी एक भी समस्या का समाधान नहीं कराया गया तब मजबूर होकर भारतीय किसान यूनियन को आक्रामक रवैया अपनाना पड रहा है।

जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने बताया कि 3 जुलाई 2023 को ज्ञापन की पहली समस्या NH27परअरकुना बाजार (सोहावल) में कट खुलवाने व तहसील की समस्याओं को लेकर अरकुना बाजार में किसान महापंचायत किया जाएगा और आवश्यकता पड़ी तो NH27 को जाम भी किया जाएगा तथा तपस्वी छावनी के महंत परमहंस के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करने का प्रार्थना पत्र 29-5- 2023से कोतवाली नगर में 12-6-2023से क्षेत्राधिकारी नगर के कार्यालय में लंबित है एफ आई आर दर्ज करने व पुलिस से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर 5 जुलाई 2023 को क्षेत्राधिकारी नगर का घेराव किया जाएगा।

आज की पंचायत में मध्यांचल जॉन के प्रदेश सचिव सूर्यनाथ वर्मा ,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भागीरथी वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा, संतोष वर्मा, राजेश मिश्रा, बैजनाथ निषाद ,सरबजीत वर्मा, राम अवध किसान, गब्बर गोस्वामी, तुलसीराम गोस्वामी, राम बचन भारती, जितेंद्र कुमार,उमिला निषाद ,मोहम्मद सलीम, मोहम्मद अली, जगदीश यादव, राम गोपाल मौर्य, बुद्धि राम मौर्य ,शीला देवी, आदि कई दर्जन लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्धनगर वासियों को दी बड़ी सौगात

## किसानों की समस्याओं का समाधान उत्तर प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकताः मुख्यमंत्री

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गौतमबुद्धनगर के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम रामनाथ गोयनका मार्ग नोएडा पंहुचकर रामनाथ गोयनका मार्ग का अनावरण कर कार्यक्रम को संबोधित किया। उसके उपरांत नोएडा स्टेडियम नोएडा सेक्टर 21ए पंहुचे जहॉ पर मुख्यमंत्री ने नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 1719 करोड़ की 124 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने देश के लोकतंत्र को बचाने वाले सभी ज्ञात और अज्ञात लोकतंत्र सेनानियों की स्मृतियों को नमन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सकारात्मक सोच के साथ अपने विजनरी नेतृत्व में देश को एक नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जैसे काशी दिव्य आभा के साथ वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा प्राप्त कर रही है। वैसे ही अयोध्या भी नई अयोध्या के रूप में जगमगा रही है। दुनिया में रह रहा हर सनातन धर्मावलंबी और भारत का शुभचिंतक जनवरी 2024 का इंतजार कर रहा है, जब भगवान रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि सवा तीन वर्ष से अपने 80 करोड़ नागरिकों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ देने वाला इकलौता देश भारत है। भारत की यात्रा ऐसे ही चलती रही तो 2027 तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में भारत दो बड़ी उपलब्धियों को लेकर वैश्विक मंच पर छा रहा है। पहली उपलब्धि जी-20 की अध्यक्षता और दूसरी उपलब्धि भारत का दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरना है।



### छह वर्ष में गौतमबुद्धनगर को लेकर परसेप्शन बदला है

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें विकास की सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना है। विगत छह वर्ष में गौतमबुद्धनगर को लेकर लोगों का परसेप्शन बदला है। पहले दिल्ली में रहने वाले लोग ग्रेटर नोएडा आने में संकोच करते थे, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। अब दिल्ली और देश के कोने-कोने से लोग नोएडा और ग्रेटर नोएडा आना चाहते हैं। यहां पर मेडिकल डिवाइस पार्क, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, फिल्म सिटी और बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा है।

### संवाद से करेंगे किसानों की समस्या का समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। हम संवाद के माध्यम से उनकी समस्या का समाधान करेंगे। इस दौरान विकास की विरोधी और नकारात्मक ताकतों को बीच में नहीं आने देना है। आने वाली पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सफल नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि बायर और बिल्डर के बीच भी आने वाली सभी समस्याओं का समाधान हम बहुत ही जल्द करेंगे।

### एमओयू का हुआ हस्तांतरण

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने जनता की सुरक्षा के लिए नोएडा पुलिस को 55 नए बोलेरो वाहन सौंपे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को रवाना किया। इसके अलावा कार्यक्रम में सीएम योगी के समक्ष नोएडा विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण और एनटीपीसी के बीच म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर सांकेतिक तौर पर एमओयू का हस्तांतरण किया गया।

कार्यक्रम में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन.आर.आई. तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, संसदीय कार्य तथा औद्योगिक विकास के राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, लोकनिर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा विधायक पंकज सिंह, दादरी विधायक तेजपाल नागर, सदस्य विधान परिषद श्री चंद शर्मा, समेत अन्य जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

### लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

- नोएडा के सेक्टर-123 में 400/132/33 केवी सब स्टेशन।
- नोएडा को ग्रेटर नोएडा से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग एमपी 3 पर (पर्थला चैक) केबल स्टेड फ्लाईओवर।
- नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के चैनेज 10.300 पर एडवांट के निकट अंडरपास।
- नोएडा सेक्टर-78 में वेदवन पार्क का विकास।
- नोएडा पुलिस को 55 नग चैपहिया वाहन।
- ग्रेटर नोएडा से निकलने वाले मलया के निस्तारण हेतु प्लांट।
- गेटर नोएडा के औद्योगिक सेक्टर ईकोटेक-10 का आंतरिक विकास कार्य।

### शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

- सॉलिड वेस्ट से प्रतिदिन 900 टन क्षमता का टोरिफाइड चारकोल (ग्रीनकोल) उत्पादन एवं 300 टन क्षमता वाले बायो सीएनजी गैस प्लांट की स्थापना।
- नोएडा के औद्योगिक सेक्टर-162 एवं 163 हेतु ड्रेन, जलापूर्ति, सीवर लाइन एवं विद्युत विकास।
- नोएडा के सेक्टर-163 से 167 तक एक्सप्रेसवे के समानांतर 45 मीटर सड़क चैड़ीकरण।
- नोएडा के ग्राम नगला चरणदास फेस-2, सेक्टर-151, सेक्टर-155, सेक्टर-156, सेक्टर-162 एवं सेक्टर-164 में 33/11 केवी सब स्टेशन।
-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे एवं प्राधिकरण के अन्य क्षेत्रों में डेकोरेटिव लाइट, तिरंगा लाइट व फाउंटेन।
- नोएडा में रेनीवेल संख्या- 1, 4 एवं 6 का सुदृढ़ीकरण।
- नोएडा के सेक्टर-94 में फ्लाईओवर के निकट वेस्ट टू वंडर पार्क।
- नोएडा सेक्टर-150, 151 एवं 163 में हरित पट्टियों का विकास।
- ग्रेटर नोएडा (दादरी में बालक इंटर कॉलेज से चार मूर्ति रोटरी एवं 60 मीटर चैड़ी रोड तथा प्रेज्यिनो रोटरी से हनुमान मंदिर रोटरी तक सर्विस रोड का रिसरफेसिंग कार्य।
- ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विभिन्न सेक्टर में रोड, सर्विस रोड एवं आंतरिक सड़कों पर स्ट्रीट लाइट।

# मीडिया जगत के ध्रुव तारा हैं रामनाथ गोयनकाः सीएम योगी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन लोकतांत्रिक भारत का काला अध्याय है। 48 वर्ष पहले इसी दिन भारत के लोकतंत्र का गला को घोटने का कार्य हुआ था। उस दौर में मीडिया और लोकतंत्र को बचाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाने का कार्य स्वर्गीय रामनाथ गोयनका ने किया था। रामनाथ गोयनका मीडिया जगत का चमकता हुआ ध्रुव तारा है। जब भी लोकतंत्र और पत्रकारिता की बात होगी, तब गोयनका जी का नाम सम्मान के साथ लिया जाएगा।

सीएम योगी ने रविवार को रामनाथ गोयनका मार्ग के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय रामनाथ गोयनका और आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़ने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में गोयनका जी ने एक योद्धा की तरह कार्य किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रेरणा से गोयनका जी ने वर्ष 1936 में इंडियन एक्सप्रेस की स्थापना कर भारत की आमजन की आवाज को एक नई ऊंचाई देना का कार्य किया।

सीएम योगी ने कहा कि गोयनका जी ने मीडिया की स्वतंत्रता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका किस तरह की होनी चाहिए इसका मार्ग भी उन्होंने ही दिखाया। सीएम योगी ने कहा कि स्वर्गीय रामनाथ गोयनका जी ने स्वच्छ और सुचिता पूर्ण मीडिया के मानक गढ़े। गोयनका जी का राष्ट्रवादी मीडिया मिशन के साथ भी गहरा जुड़ाव रहा है। सीएम योगी ने कहा देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र को बचाने तक स्वर्गीय रामनाथ गोयनका जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, एक्सप्रेस समूह के निदेशक अनंत गोयंका, इंडियन एक्सप्रेस के संपादक राजकमल झा, उन्नीशंकर, बंदिता मिश्रा, कूमी कपूर, जनसत्ता के संपादक मुकेश भारद्वाज और एक्सप्रेस ग्रुप के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## अवैध खननध/परिवहन पर खनन विभाग की पैनी नजर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की खनन में ओवरलोडिंग के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत व मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में उपखनिजों के खनन व परिवहन पर तीखी और पैनी नजर खनन विभाग द्वारा रखी जा रही है। खनन व परिवहन के दृष्टिकोण से अपेक्षाकृत अधिक सेन्सटिव 27 जिलों में एक माह से खनन मुख्यालय द्वारा बनायी गयी 8 टीमों सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। डा०रोशन जैकब ने बताया कि एक माह में 22 हजार से अधिक वाहनों की जांच की गयी और बिना परिवहन प्रपत्रों के 903 वाहन पकड़े गये और 822 ओवर लोड वाहन गिरफ्त में आये हैं। वाहनों में नम्बर प्लेट मिटाकर या उसमे धब्बे बना देना या नम्बर स्पष्ट न दिखने जैसे खेल खेलने वाले मामले भी प्रकाश में आते हैं और अस्पष्ट नम्बर प्लेट वाले 2488 वाहन पकड़ में आये हैं।

## सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षाएं 25 जुलाई से

**लखनऊ।** अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2022-23 के सम सेमेस्टर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के रेगुलर तथा कैरीओवर विषयों के द्वितीय चरण की परीक्षाओं का संभावित परीक्षा कार्यक्रम शनिवार को घोषित कर दिया गया। परीक्षाएं 25 जुलाई से 11 अगस्त के बीच में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। बीटेक दूसरे एवं चैथे, बीआर्क, एमबीए, एमसीए, और एम ए एम, बीएचएमसीटी, बीएफए, बीएफएडी, एमटेक, बीओक, एमअर्क, एम फार्मा और एमयूआरपी के दूसरे सेमेस्टर जबकि बी फार्मा प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ पंचम और सप्तम सेमेस्टर वही डी फार्मा के प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा 25 जुलाई से होगी। वही परीक्षा फार्म और निर्धारित शुल्क जमा करने की तिथि को बढ़ाते हुए 26 जून से 5 जुलाई तक कर दिया गया है।

# बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल का हुआ गठन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी में रविवार को बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल का गठन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यतिथि के रूप में लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि व्यापारी हितों में काम करना और व्यापारी से कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा।

उन्होंने कहा कि व्यापार के लिए व्यापारी दिन रात एक करता है उन्हें किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत उनके व्यापार में न होने पाये इसके लिए लखनऊ व्यापार मंडल हमेशा साथ देता रहेगा। कार्यक्रम में सरंक्षक रसिद अली,सोनू कनौजिया, गिरिराज किशोर, प्रमोद गुप्ता, मोहन लाल पासी, महेंद्र सिंह,धर्मेंद्र सिंह यादव, राजेश शुक्ला, शिशिर यादव सहित अन्य पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। इसी क्रम में व्यापार मंडल के क्षेत्र को बढ़ाते हुए अन्य जगहों पर व्यापार मंडल के गठन को लेकर भी चर्चा की गयी। कार्यक्रम का आयोजन उधोग व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामशंकर राजपूत ने किया साथ ही महामंत्री उमेश शर्मा,काकोरी मोड़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, ऋषि चौरसिया, राम कुमार वर्मा, ज्ञान सिंह सरोज, विजय कुमार, धीरपाल यादव, प्रदीप कुमार, शिवम पांडेय सहित रंजीत कनौजिया सहित तमाम पदाधिकारी वा व्यापारी उपस्थित रहे। उमेश शर्मा ने बताया कि लखनऊ व्यापार मंडल अपने व्यापारी के लिए हमेशा दिन रात साथ है,व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी तरह से बर्दास्त नही किया जायेगा। गठन के दौरान काकोरी व्यापार मंडल, घुरघुरी तालाब व्यापार मंडल, वादर खेड़ा व्यापार मंडल सहित अन्य व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## नौ दिन के शिशु को अस्पताल में लावारिस छोड़कर नेपाल भाग गए परिजन, बच्चे की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ में एक मां-बाप की अंसवेदनशील हरकत ने एक नवजात का जीवन छीन लिया। मां-बाप अपने बच्चे को अस्पताल इलाज कराने लेकर तो आए लेकिन फिर उसे उसी के हाल में छोड़कर घर लौट गए और फिर कभी वापस नहीं आए।

नेपाल से नौ दिन के बच्चे को इलाज लिए लखनऊ लाए परिजनों को पहले निजी अस्पताल खूब लूट लिया। बाद में बच्चे की हालत गंभीर बताकर उसे ट्रॉमा रेफर कर दिया। ट्रॉमा में डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया। भर्ती के दो दिन बाद इलाज लिए रकम जुटाने परिजन नेपाल लौट गए। बीस दिन बीतने बाद भी परिजन वापस नहीं आए। रविवार को एनआईसीयू में भर्ती बच्चे ने दम तोड़ दिया। ट्रॉमा प्रशासन ने बच्चे का शव मर्च्यूरी में रखवाया है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी है।

# सेल्फ डिफेंस के लिए मार्शल आर्ट्स का दिया प्रशिक्षण

» अतंर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ट्रेनर ने किया प्रशिक्षित

» गौरव ह्यूमन को नौ तरह के मार्शल आर्ट्स का प्राप्त है हुनर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** एनसीसी कैडेटों को सेल्फ डिफेंस बनाने के लिए नौवें दिन भी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर चलाया गया। जिसमें 64 उप्र वाहिनी एनसीसी लखनऊ के द्वारा सेंट फिडलिस कालेज में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर को कालकी आर्ट ऑफ सेल्फ डिफेंस के संस्थापक गौरव ह्यूमन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जो कि यह अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सेल्फ डिफेंस ट्रेनर है। जिनको नौ तरह की मार्शल आर्ट्स का हुनर प्राप्त है।

गौरव ह्यूमन द्वारा स्वनिर्मित फिजिकल सेल्फ डिफेंस की आसान टेक्नीक सिखाई गयी तथा कैडेटों को इसका अभ्यास कराया गया। कैडेटों को अचानक हुए हमलो की परिस्थिति में आसान तरीके से अपनी सुरक्षा करने के लिए हुनर सिखाया गया।

वहीं कर्नल गौरव कार्की ने कालकी संस्था की सराहना की और कैडेटों को बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के लिए उत्साहित किया। इसके पश्चात कैडेटों को वेल्थ बीज फाईनेंशियल सर्विसेज के सलाहकार सीएसपी शुक्ला द्वारा वेल्थ मैनेजमेंट तथा धन सम्पदा की सुरक्षा, बचत व निवेश के बारे में विस्तार से समझाया गया और आने वाले समय में व्यक्तिगत आर्थिक सुरक्षा एवं सम्पत्ति अर्जित करने के लिये प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में कर्नल गौरव कार्की ने कैडेटों को धन की बचत एवं निवेश के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी आसान तरीके से देने के लिये सीएसपी शुक्ला को धन्यवाद देते हुए सराहना की।

## एनसीसी कैडेटों को सेल्फ डिफेंस के लिए मार्शल आर्ट्स का दिया प्रशिक्षण

**लखनऊ।** एनसीसी कैडेटों को सेल्फ डिफेंस बनाने के लिए नौवें दिन भी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर चलाया गया। जिसमें 64 उप्र वाहिनी एनसीसी लखनऊ के द्वारा सेंट फिडलिस कालेज में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर को कालकी आर्ट ऑफ सेल्फ डिफेंस के संस्थापक गौरव ह्यूमन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जो कि यह अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सेल्फ डिफेंस ट्रेनर है। जिनको नौ तरह की मार्शल आर्ट्स का हुनर प्राप्त है । गौरव ह्यूमन द्वारा स्वनिर्मित फिजिकल सेल्फ डिफेंस की आसान टेक्नीक सिखाई गयी तथा कैडेटों को इसका अभ्यास कराया गया। कैडेटों को अचानक हुए हमलो की परिस्थिति में आसान तरीके से अपनी सुरक्षा करने के लिए हुनर सिखाया गया। इसी क्रम में कर्नल गौरव कार्की ने कैडेटों को धन की बचत एवं निवेश के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी आसान तरीके से देने के लिये सीएसपी शुक्ला को धन्यवाद देते हुए सराहना की।

# केरल की दो दिवसीय यात्रा पर गए अखिलेख का हुआ भव्य स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव दो दिवसीय केरल यात्रा में सार्वजनिक आकर्षण के केन्द्र बने रहे। जहां से गुजरे वहां मिलने और अभिनंदन करने वालों की कतार लग गई। सुदूर केरल में जहां वर्षा का कोई समय नहीं होता है, जब तब होती रहती है, इन दो दिनों में मौसम खुशगवार बना रहा। इस यात्रा में राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चैधरी भी साथ थे। पहले दिन 21 जून 2023 को कोच्चि में वायुयान से उतरते ही डॉ0 साजी पोथेन थॉमस, समाजवादी पार्टी केरल के अध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जॉय एंटोनी के एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। अखिलेश यादव से कोच्चि में स्थापित दी एडम बहुभाषी इंटरनेट पोर्टल के चेयरमैन और मैनेजिंग एडिटर वेंकटेश रामकृष्णन मिले। दि एडम बहुभाषी इंटरनेट पोर्टल है जिसके अंग्रेजी, हिन्दी, मलयालम और तमिल में प्रोग्राम्स है। इस पोर्टल में सईद नकवी, सी.एल. थॉमस और वी.एम. दीपा जैसे जाने माने पत्रकार है। केरल भारत की दक्षिण पश्चिमी सीमा पर अरब सागर और सह्याद्रि पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य एक खूबसूरत भू-भाग है। अपनी सांस्कृतिक परम्परा और स्थानों के लिए विख्यात है। इलायची, काली मिर्च, लौंग, चाय, कॉफी, रबर यहां की मुख्य फसलें है। कोच्चि शहर की सड़कों का रखरखाव बेहतर है। स्वास्थ्य सेवाएं अच्छी है। कोच्चि में जो मेट्रो रेल चली उसका निर्माण करने वाले मेट्रो मैन श्रीधरन ने लखनऊ में भी अखिलेश यादव की समाजवादी सरकार में मेट्रो रेल चलवाई। अखिलेश यादव की कोच्चि में 1503 में निर्मित सेंट फ्रांसिस चर्च की यात्रा कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण रही। इतिहास बताता है कि यूरोप से भारत तक के ऐतिहासिक समुद्री मार्ग की खोज करने वाले वास्को डी गामा पहले व्यक्ति थे जो 1498ई0 में कोझिकोड के पास उतरे थे। उन्हें सेंट फ्रांसिस चर्च के अंदर 1524ई0 में दफनाया गया था। चर्च के पादरी पीटर ने अखिलेश यादव का स्वागत किया और उन्हें चर्च के इतिहास की जानकारी दी। वास्को डी गामा, केरल के कालीकट तट पर पहुंचने वाले प्रथम पुर्तगाली नाविक थे। फिर यहां आए पुर्तगाली सैनिक और उनका राज गोवा दमन दीव तक फैल गया। यह राज्य अगली साढ़े चार सदियों तक चला। सन् 1947ई0 में अंग्रेजों से स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत ने पुर्तगाली प्रदेशों को भारत को सौंप देने का आग्रह किया था पर पुर्तगाल सरकार ने बात तक करना पसंद नहीं किया। 19 दिसम्बर 1961 को सैनिक कार्यवाही से गोवा, दमन, दीव का भारतीय संघ में विलय पूरा हुआ।

## एकेटीयू के फार्मेसी छात्रों ने सीडीआरआई का किया भ्रमण

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के छात्र-छात्राओं का दल माननीय कुलपति प्रोफेसर जे पी पाण्डेय के दिशानिर्देशन में सीडीआरआई पहुंचा। इस दौरान छात्रों ने संस्थान में चल रहे शोध कार्यों के बारे में जाना। औषधि के क्षेत्र में चुनौतियां और अवसर के बारे में संस्थान के वैज्ञानिकों से चर्चा की। सीडीआरआई के वैज्ञानिक डॉ संजीव यादव ने सीएसआईआर-सीडीआरआई का परिचय एवं ''औषधि अनुसंधान के क्षेत्र में अवसर और चुनौतियाँ'' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि औषधि अनुसंधान समय के साथ तेजी से बदल रहा है हमें समाज की जरूरतों के हिसाब से शोध करना पड़ता है। बताया कि इस क्षेत्र में अवसर की बहुत संभावनाएं हैं। जरूरत है खुद में बेहतर करने की। छात्रों ने उनसे फार्मेसी से जुड़े कई सवाल भी पूछे।

# कार्डियक अरेस्ट : शुरूआती पांच मिनट सबसे क्रिटिकल, सीपीआर से बचाई जा सकती है मरीज की जान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** देश में प्रतिवर्ष कार्डियक अरेस्ट से होने वाली मौतों का आंकड़ा लगभग 07 लाख है। इसकी बड़ी वजह यह है कि लोग इसके लक्षणों व बचाव के तरीकों से अनभिज्ञ हैं। इमरजेंसी की स्थिति में लोग मरीज की त्वरित मदद नहीं कर पाते और जब तक मरीज को चिकित्सीय सहायता मिलती है, तब तक देर हो जाती है।

यह बात एस0जी0पी0जी0आई0 के कार्डियोलॉजी विभाग के एच0ओ0डी0 प्रोफेसर आदित्य कपूर ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के सभागार में आयोजित कार्यशाला में कही। प्रो0 कपूर ने बताया कि कार्डियक अरेस्ट होने के शुरूआती पांच मिनट सबसे क्रिटिकल होते हैं। इस दौरान सी0पी0आर0 देकर मरीज की जान बचाई जा सकती है। शनिवार को आयोजित इस विशेष कार्यशाला में प्राधिकरण की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में 30 विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सी0पी0आर0 का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त डॉ0 इन्द्रजीत सिंह, सचिव पवन कुमार गंगवार समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रो0 आदित्य कपूर ने बताया कि आजकल 35 वर्ष से 55 वर्ष की उम्र के लोगों को भी बड़ी तादाद में कार्डियक अरेस्ट हो रहा है। उन्होंने इसके लक्षणों के बारे में बताया कि कार्डियक अरेस्ट होने पर मरीज अचेत हो जाता है। उसकी हार्ट बीट बंद हो जाती है और ब्रेन में खून की सप्लाई बाधित हो जाती है। ऐसी स्थिति होने पर फौरन चिकित्सीय सहायता के लिए फोन करें तथा मरीज को सुरक्षित स्थान पर समतल सतह पर पीठ के बल लिटाकर सी0पी0आर0 देना शुरू करें। प्रो0 कपूर ने सी0पी0आर0 का प्रस्तुतिकरण देते हुए बताया कि इसमें दोनों हाथों से मरीज की छाती पर बांयी तरफ प्रति मिनट 100/120 की गति से दबाव देना चाहिए। यह क्रिया लगातार कार्डियक अरेस्ट होने पर ए0ई0डी0 मशीन कारगर

इसके अलावा प्रो0 आदित्य कपूर द्वारा ए0ई0डी0 (ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर) मशीन से सी0पी0आर0 देने के तरीके के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि यह मशीन कुछ ही सेकेंड में मरीज की हदृय गति का परीक्षण कर लेती है तथा जरूरी होने पर इलेक्ट्रिक शॉक देकर हदृय गति को वापस सामान्य करके मरीज की जान बचाने में कारगर साबित होती है। उन्होंने बड़े सरकारी कार्यालयों, मेट्रो स्टेशन, मॉल, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स व बहुमंजिला आवासीय भवनों समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों में ए0ई0डी0 मशीनें लगाये जाने का सुझाव भी दिया।

### जो सीखा उसे अपने विभाग के लोगों को भी सिखायें

इस मौके पर मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे सभी अपने-अपने विभाग में जाकर अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सी0पी0आर0 के बारे में जानकारी देंगे तथा जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों के माध्यम से कार्यशाला आयोजित करके सभी कर्मियों को इसका प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने कहा कि जितने ज्यादा लोग इस बारे में जागरूक होंगे, उतनी ही जानें बचाई जा सकेंगी।

# 1 जुलाई तक यूपी में आप चलायेगी बत्ती गुल अभियान : संजय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी ने मंहगी बिजली व कटौती के खिलाफ अभियान चलाने की तैयारी कर ली है। जिसे आज से यानी कि सोमवार से पूरे प्रदेश में 1 जुलाई तक बत्ती गुल अभियना चलाने जा रही है। बिजली के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार विद्युत उपभोक्ता अधिकार अधिनियम 2020 में संशोधन कर नया कानून लेकर के आ रही है। जिसे आम आदमी पार्टी ने आपत्ति दर्ज करते हुए विरोध करने की तैयारी बना ली है। यह जानकारी रविवार को आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान दी । उन्होंने कहा कि इस कानून को काला कानून बताते हुए कहा कि आप इस कानून का पुर जोर विरोध करती है और इसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने बताया मोदी सरकार विद्युत उपभोक्ता अधिकार अधिनियम 2020 में संशोधन कर एक खतरनाक कानून लेकर आ रही है जिसमें दिन की बिजली का रेट अलग होगा और रात की बिजली का रेट अलग होगा। इस कानून से रात में उपभोग होने वाली बिजली की दरों में 20 प्रतिशत बढ़ोतरी हो जाएगी। उन्होंने कहा लोग अपने घरों में सोने के लिए कूलर और पंखों का इस्तेमाल कर 70 फीसदी बिजली का उपयोग रात में ही करते हैं। मोदी सरकार के इस कानून के लागू हो जाने से बिजली के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी होगी अगर यह कानून देश में लागू हो गया तो सबसे ज्यादा असर घरेलू उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। मोदी सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं की पीठ और पेट पर लात मारने का काम किया है। यूपी प्रभारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए यह काला कानून कानून लेकर आ रही है इस बिल का आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक विरोध करेगी।उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल देश के सभी नेताओं को आगाह कर रहे हैं कि समवर्ती सूची में कितने विषय हैं उन पर केंद्र सरकार ऐसे तुगलकी फरमान जारी कर सभी अधिकार छीन लेगी और देश की जनता पर कहर ढाने का काम करेगी। प्रदेश में हो रही बिजली कटौती को लेकर संजय सिंह ने योगी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि बिजली प्रदेश में 24 घंटे आ रही है जबकि सच्चाई यह है कि कस्बों में 12 - 12 घंटे बिजली गायब है गांव में बिजली लापता हो गई है 10-10 सालों से बिजली के तार नहीं बदले गए,गांव कस्बों में अगर ट्रांसफार्मर फूक गया तो सप्ताह सप्ताह भर ट्रांसफार्मर ठीक नहीं किए जा रहे वहां के लोग चंदा लगाकर ट्रांसफार्मर ठीक करा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ के 24 घंटे बिजली उपलब्ध होने के बयान को लेकर 26 जून से 1 जुलाई तक आम आदमी पार्टी बिजली खोजो अभियान चलाएगी और 2 जुलाई को पूरे उत्तर प्रदेश में लालटेन जुलूस निकालेगी बिजली खोजो अभियान के तहत आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों से अपील करेंगे की बत्ती गुल का वीडियो बनाएं और योगी आदित्यनाथ से लेकर सरकार के मंत्री विधायकों को सोशल मीडिया पर टैग कर सरकार को आइना दिखाएँ। बिजली के दामों में बढ़ोतरी का आम आदमी पार्टी विरोध करती है. अअढ यूपी प्रभारी संजय सिंह ने जनता से अपील की है बिजली कटौती का वीडियोट्विटर,फेसबुक,व्हाट्सएप मोबाइल न. 8382928009 पर भेजे जिससे आम आदमी पार्टी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरकार की झूठी बयानबाजी को जनता के सामने ला सके। संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में संगठन को लेकर एक बड़ी घोषणा करते हुए अनिल रावत राजवंशी को अयोध्या प्रांत का अध्यक्ष बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी वही अतुल सिंह को अयोध्या प्रांत का महासचिव नियुक्त किया। अनिल रावत राजवंशी आम आदमी पार्टी लखीमपुर जनपद के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं।

## संक्षेप

### 05 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

एटा। प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी आशीष प्रकाश माथुर ने मा0 न्यायाधीश के आदेशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जिला न्यायालय एटा में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में एक वर्ष अथवा उससे पूर्व तक उ0प्र0 सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय पर एक रीडर/अहलमद, तृतीय श्रेणी कर्मचारी एवं एक अर्दली, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, दिनांक 05 जुलाई तक प्रार्थना पत्र आमंत्रित किए गए हैं। न्यायालय कार्य की जानकारी रखने वाले सेवा निवृत्त कर्मचारी को वरीयता दी जाएगी। कर्मचारी की सेवाएं संबंधित शासनादेश के अधीन पूर्णत: अस्थायी होंगी तथा बिना किसी पूर्व नोटिस के समाप्त की जा सकती है। शासन द्वारा स्वीकृत मासिक मानदेय बजट प्राप्त होने पर ही देय होगा।

### आर आई बगैर इश्योरेंस के वाहन पर करते रहते यात्रा

गोंडा। एक तरफ जहां जिले के आरटीओ विभाग के आर0आई0 आम जनता को नसीहत देते नजर आ रहे हैं कि वो अपनी गाड़ी का लाइसेंस,इंश्योरेंस व वाहन फिटनेस कागज बनवा कर ही रोड पर चले। वहीं दूसरी तरफ आर आई महोदय जिस गाड़ी से स्वयं चलते हैं उस बोलेरो का इंश्योरेंस समाप्त हुए लगभग 7 से 8 महीने बीत गए हैं लेकिन अधिकारी की हनक के चलते वो उक्त गाड़ी का बगैर इंश्योरेंस की वाहन से चलना ही उचित समझते हैं।

### अशोकपुर टिकिया ग्राम सभा के लोगों ने जिलाधिकारी से की अपील

गोण्डा। वजीरगंज के ग्राम सभा अशोकपुर टिकिया के लोगों ने जिलाधिकारी महोदया से हाथ जोड़कर निवेदन किया है की हमारे ग्राम सभा में चौपाल लगाया जाये जिससे हमारे ग्राम सभा में कोई कार्य और विकास आज तक नहीं हुआ है आजादी के बाद से भी है अशोकपुर टिकिया आज तक है गुलाम जानता की अपील है इस अवसर पर तरुण कुमार सिंह, बबलू सिंह, फतेह बहादुर सिंह, सुरेश दत्त सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, सुभाष सिंह, दुर्गा सिंह, अजय कुमार सिं, नंदकिशोर, महादेव गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, रामदीन शर्मा, रामसुख गुप्ता, विनोद कुमार आदि।

### मेडिकल स्टोर संचालकों की बैठक संपन्न

अमेठी। विभागीय कार्यवाही से तंग आ कर अमेठी के मेडिकल स्टोर संचालकों ने मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले इंटर नेशनल होटल में बैठक की गई ,सूत्रो की माने तो संगठन के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि बाबू संजय मौर्य इसी तरह परेसान करेंगे तो हम मेडिकल स्टोर बन्द कर देंगे। वहीं सभी मेडिकल स्टोर संचालकों ने बताया ड्रग स्पेक्टर के ऑफिस में संजय मौर्या बाबू के पद पर तैनात है और लाईसेंस के नाम पर और रिन्युल के नाम पर औषधि विक्रताओं को परेसान कर उनसे अवैध तरीके से धन उगाही करते है। सुल्तानपुर जिले के मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अमेठी मेडिकल स्टोर के संचालकों के साथ बैठक कर उनकी समस्या सुनी और मेडिकल स्टोर संचालकों को पूरी तरह अस्वस्थ किया की आप लोग ईमानदारी से व्यवसाय करिए जो भी अधिकारी या कर्मचारी अनावश्यक रूप से परेशान करेगा उसके खिलाफ हमारा संगठन आप के साथ खड़ा रहेगा।

### यशपाल पहलवान को कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित होने पर दी बधाई

श्यामल मुखर्जी गाजियाबाद। नगर निगम के कार्यकारणी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के वार्ड नंबर 20 से पार्षद यशपाल पहलवान जी को कार्यकारणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित होने पर नगर निगम सफ़ाई कर्मचरी संघ के अध्यक्ष सोनू सूद, नगर निगम वाहन चालक संघ के अध्यक्ष संजय चड्ढा, महामंत्री आकाश पार्चा, मीडिया प्रभारी मोहित सूद मुख्य सलाहकार मुकेश जीनवाल, अनील मकवाना, सफ़ाई नायक, अशोक राय, राजेंद्र वाल्मीकि, सतीश धीगान, अन्य यूनियन पदधिकारियो ने यशपाल पहलवान जी का नगर निगम मुख्यालय पर बुके देकर जोरदार स्वागत किया और उनको कार्यकारणी सदस्य बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

### चाय की दुकान पर संविधान बचाओ अभियान, चला रही कांग्रेस

अमेठी। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित 15 से 25 जून तक दलित बस्तियों में चाय की दुकान पर संविधान बचाओ अभियान के अंतर्गत सलोन विधानसभा की डीह ब्लॉक में अल्पसंख्यक कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सैयद हुसैन अशरफ ने समापन सभा किया। इसमें पूर्व प्रत्याशी अर्जुन पासी पीसीसी सदस्य किरण देवी अल्पसंख्यक गौरीगंज प्रभारी मोहम्मद इस्लाम ब्लॉक अध्यक्ष सीबू अंसारी सलोन प्रभारी अयूब अता आदिल न्याय पंचायत अध्यक्ष ग्राम सभा अध्यक्ष समस्त अल्पसंख्यक पदाधिकारी उपस्थिति रहे मुख्य रूप से संविधान पर चर्चा परिचर्चा सैयद हुसैन अशरफ ने समापन के अवसर पर कहा कि कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी शाहनवाज आलम ने धन्यवाद प्रस्ताव करते हुए कहा की आज इस संविधान बचाओ अभियान से लोगों के बीच बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को आमजन तक पहुंचाना हमारा नैतिक कर्तव्य है बाबा साहब की सोच थी स्वस्थ रहो शिक्षित बनो संगठित रहो अपने अधिकारों के प्रति सजग किया।

### अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा गौरीगंज में किया गया पैदल गस्त

अमेठी। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा "मिशन शक्ति" नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा गौरीगंज में बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया तथा मुख्य मार्गों, चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई।

### चार वैवाहिक जोड़े पुन: साथ रहने को हुए राजी

अमेठी। जनपद में "मिशन शक्ति" नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत दिनांक 25.06.2023 को उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना मय टीम व उ0नि0 सुधा वर्मा प्रभारी महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी मोहनगंज मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में समस्याओं को सुना गया।

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** एसपी ने उपस्थित लोगों से कहा कि अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी से संबंधित चलचित्र एवं अफवाहों संबंधी चलचित्र का प्रेषण न किया जाये। साथ ही उन्हें अवगत करायें कि ऐसा करने वालों को चिन्हित करते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के कडे.इन्तजाम किये जाये। कानून एवं शान्ति व्यवस्था हर हाल में कायम रहनी चाहिए।

समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस व थाना अध्यक्ष सुनिश्चित करे कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो जिसके लिए पहले से ही तैयारी पूर्ण कर लें। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखी जाये। अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपद के सभी निकाय क्षेत्रों, ग्राम पंचायतों में साफ सफाई, विद्युत तथा जलापूर्ति पर विशेष रूप से फोकस किया जाये। प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में नहीं दी जानी चाहिए इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी पशु की कुर्बानी नहीं दी जायेगी।

कुर्बानी के उपरान्त बचे हुए अवशेष को सही एवं उचित स्थान पर डिस्पोज करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नमाज केवल मस्जिदों में ही पढ़ी जाये। सार्वजनिक स्थलों/सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाये। बकरीद पर विशेष ऐहतियात बरतें साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि नमाज के समय कोई व्यवधान उत्पन्न न हो आने-जाने वाले मार्ग किसी भी दशा में बाधित नहीं होने चाहिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ईदुलजुहा बकरीद तथा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस और प्रशासन की ओर से समस्त व्यवस्थाओं को ससमय सुनिश्चित कर लिया जायेगा। उन्होंनें उपस्थित सभी लोगों से कहा कि शासन के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी छोटी-बडी मस्जिदों में पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात रहते हुए समय समय पर संदिग्ध स्थानों पर भ्रमण भी करेंगे। जिससे कोई अप्रिय घटना न घटित हो। प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी जनपद में किसी भी दशा में नही होगी। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों, धर्मगुरूओं ने साफ सफाई, जल भराव, जल एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया साथ ही जिले में अनेकता में एकता, अमन-चैन एवं आपसी सौहार्द कायम रखने पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। सभी ने एक स्वर से आश्वासन दिया कि वे शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील भी की कि जनपद में प्यार और भाईचारा बनाये रखें। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जिले में अमन-चैन सदैव बरकरार रहेगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विमलेंदु शेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी सहित विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु मौजूद रहे।

## पूर्वांचल भोजपुरी महासभा द्वारा मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** पूर्वांचल भोजपुरी महासभा द्वारा मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह-2023 का आयोजन मीनामल धर्मशाला मे किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में अभिषेक श्रीवास्तव (ए०सी०पी०), अर्पना रूथ (प्रिन्सपल इंग्राहम इन्सटिच्यूट), सतेन्द्र यादव (संयोजक सुभाष युवा मोर्चा), अखिलेश मिश्रा (प्रिन्सपल) शम्भू दयाल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज), उपस्थित हुए। समारोह की अध्यक्षता सचिदानन्द राय (रिटायर्ड) डी०आई०जी० ने किया। आयोजन में 85 विद्याथियों को सम्मानित किया गया। यू०पी० बोर्ड 10 कक्षा में नीतिश कुमार, 12 कक्षा में सुमित सी०बी०एस०सी० में अभिनित कुमार व असीता सिन्हा एवं सी०बी०एस०सी० 12 कक्षा में कृति रंजन को प्रथम पुस्कार से सम्मानित किया गया। महासभा के प्रमुख पदाधिकारी आयोजन में मौजूद रहे:- केदारनाथ तिवारी, अशोक श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, आनन्द मणि त्रिपाठी, विद्याशंकर त्रिपाठी, जे०पी० यादव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सुबोध वर्मा, अनिल सिन्हा, अनिल सिंह, रोहित श्रीवास्तव, अजीत सिंह, बीरेन्द्र कुशवाहा, विजय सिंह, शिव कुमार रघुवंशी, ब्रिजेश तिवारी, संतोष शर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, रजनीश दुबे, रमेश श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, ब्रजेश प्रसाद, रंजीत कुशवाहा, अखिलेश मिश्रा, विजय कुमार सिंह, राजाराम, अनिल कुशवाहा, जे०पी० शुक्ला, दुर्गा श्रीवास्तव, जे०पी० द्विवेदी आदि। मंच संचालन - अशोक श्रीवास्तव (अध्यक्ष) एंव कैप्टन गोपाल सिंह ने किया। जागृति पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया।

## नूर विजन फाउन्डेशन ने डोर-टू-डोर जाकर समस्यायें सुनकर प्रमाण पत्र बांटे



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** असहाय एवं गरीब लोगों की मदद के लिये पूर्व में नूर विजन फाउन्डेशन मारहरा गेट द्वारा मोहल्ला पोता नगला में लगाये गये कैम्पों में प्राप्त समस्याओं एवं निःशुल्क मदद हेतु दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्वावस्था पेंशन, गरीब स्कूली बच्चों के लिये जाति, आय, मूल निवास प्रमाण पत्र आदि का समाधान डोर-टू-डोर जाकर किय। जिसमें फाउन्डेशन द्वारा घर-घर जाकर जाति, आय, मूल निवास प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। फाउन्डेशन के अध्यक्ष मो0 सोहिब ने बताया कि हमारे द्वारा डोर-टू-डोर जाकर सर्विस देना प्राथमिकता से एक है। वृद्व लोग हमारे कार्यालय पर आने में असमर्थ होते हैं उनके लिये हम लोग उनके घर जाकर प्रमाण पत्र दे रहे हैं। फाउन्डेशन परिवार इसी तरह भविष्य में डोर-टू-डोर जाकर लोगों की मदद करता रहेगा। सचिव परवेज अली ने सरकारी छात्रों के हित में चल रही योजनाओं सम्बन्धी पम्पलेट बांटकर बताया कि फाउन्डेशन जनहित में काम कर रहा है। जिनके प्रमाण पत्र नहीं बने हैं वह फाउन्डेशन कार्यालय पर सम्पर्क कर अपने प्रमाण पत्र आदि कागज बनवा लें। ट्रस्टी अबरार अली एवं मो0 हारून ने भी लोगों को जागरूक किया। और बताया कि किसी भी समस्या के लिये आप ट्रस्ट परिवार से सम्पर्क कर सकते हैं। फाउन्डेशन द्वारा हर सम्भव लोगों की मदद करने का प्रयास किया जा रहा है।

### डीएम एवं एसपी ने की कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक

**अमेठी।** आगामी ईदुज्जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा शनिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं एवं जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्रों तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों के आस पास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूडा ट्राली तथा बडे डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। कुर्बानी दिये जाने वाले पशुओ के अवशेष को डिस्पोजल करने के लिए गड्ढे खुदवा ले। उन्होने कहा कि ऐसे स्थानो को अवश्य चिन्हित कर ले।

## अमेठी-शाहबरी सड़क मार्ग गड्ढे में तब्दील

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जनपद मे गैर जिले से आने जाने के लिए अमेठी-शाहबरी सड़क मार्ग बनी। लेकिन सड़क पर गडढे उभर आए,बोल्डर उधड गये,वाईक और वाहन के आवागमन मे राहगीर को परेशानी हो रही है। जनता का दो टूक जबाब है। कि केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी कभी नही आती है। पहले पटरी पर गडढे थे। अब सड़क मार्ग पर गडढे है।

इन गड्ढे से दुर्घटनाए बढ रही। नशेड़ी के लिए यह सड़क अपराध करने के लिए सुरक्षित हो चली है। बरतली की सरिता का कहना है कि सड़क के किनारे घर है। घर से बाहर सड़क पर आने पर कभी कभी चोहिल लोगो की सेवा करनी पडती है। लोग सड़क पर गिरकर चोहिल हो रहे। अभियन्ता सड़क मरम्मत करने नही आते है। पूरे बिशेन धनापुर के नन्हे मिश्र,पिन्टू मिश्र,कालिका मिश्र आदि कहते है कि बाईक से अमेठी आने जाने मे दिक्कत होती है। सड़क मार्ग ही ध्वस्त हो चला है। सड़क मार्ग पर मरम्मत कार्य नही होता है। लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड इकाई अमेठी की बिभागीय गैग के कर्मचारी अब पैच बनाने आते है। सांसद इस इलाके मे नही आती है। जनता मे असुबिधा से अक्रोश बढ रहा। गडेरी के भारत धुरिया कहते है कि मरम्मत की ऐजेन्सी मौज कर रही है। सड़क के गडढे बाईक साल भर मे खराब हो जाती है। रामापुर के उदय राज यादव कहते है कि बिना परमिट के सड़क पर बने ब्रेकर तो मजबूत है लेकिन जगह जगह सड़क पर गडढे अब ब्रेकर का काम करते है।

अभियन्ता तो कभी साइड पर नजर नही आते है। कोरारी गिरधर शाह के राकेश कुमार सिंह कहते है कि सड़क इस कदर टूट गई है। उसे सुधारने का कभी प्रयास नही किया गया। अब सड़क ऐसी हालत बन गई है। जैसे निर्माण कार्य चल रहा हो। किसी का डर नही है। जिसका डर है। वे साथ है। सांसद तो कभी आती नही। किससे लोग ₹मन की बात₹ करे । बिशम्भरपुर के अखिलेश शुक्ल,दिनेश कुमार,चन्द्र केतु शुक्ल,आशीष शुक्ल कहते है कि सड़क मरम्मत कार्य मे ही घोटाला फिक्स हो जाता है। पैच बनाने की परम्परा अब नही रही। सड़क पर इतने गडढे ना गिन सकते है। चलने पर खुद जान जायेगे कि दिल थाम कर कैसे लोग आते जाते है। स्कूली बच्चो को बेहद परेशानी होती है। घाघूघार के राकेश कुमार तिवारी,नन्हे मिश्र,उमा शंकर तिवारी,ललिती मिश्रा,उमा शंकर मिश्र आदि बताते है कि सड़क खराब है। मरम्मत कार्य नही होता। सब सेखी मे काम चल रहा है। पूर्व प्रधान अशोक कुमार शुक्ल कहते है कि पांच साल मे टूटी सड़क मंहगा पेट्रोल पी रही है। सफर मंहगा हुआ। समय भी ज्यदा लगता है। सरकार चुप है।

लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड इकाई अमेठी अधिशाषी अभियन्ता शैलेन्द्र कुमार का कहना है कि बिभागीय मे बजट का अभाव है। बजट मिल जायेगा। तो मरम्मत और पैच का काम जल्द हो जायेगा। शिकायत लोगो की नही मिली। जांच पड़ताल कर शीघ्र कार्यवाही की बात कही।

### औचक निरीक्षण में अनरजिस्टर्ड न्यू गोपाल हॉस्पीटल का ओ.टी. किया गया सीज

**एटा।** रविवार को सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रपाठी के निर्देशन में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राममोहन तिवारी व उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सर्वेश कुमार के संयुक्त नेत्रत्व में शहर मुख्यालय पर रजिस्टर्ड व अनरजिस्टर्ड हॉस्पीटल्स व नर्सिगं होम्स के किऐ गऐ औचक निरीक्षण में शिकोहाबाद रोड स्थिति न्यू गोपाल हॉस्पीटल पर छापामार कार्यवाही करते हुऐ उसका आप्रेशन थियेटर को सीज कर नोटिस थमाते हुऐ जबाबदेही तय की गयी है! शहर में भारी बर्षा के मध्य औचक निरीक्षण के दौरान झौलाछाप जहां हलकान रहे तो वहीं ऐसे पंजीक्रत हॉस्पीटल जिनमें पंजीक्रत चिकित्सक मौजूद नहीं थे उनकी हालत पतली नजर आयी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राममोहन तिवारी ने बताया कि औचक निरीक्षण अब यथावत रहेगा तथा रजिस्टर्ड चिकित्सक व सर्जन एवं निश्चेतक की मौजूदगी न मिलने पर कठोर कार्यवाही की जाऐगी।

## नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन की शाखा बाराबंकी का स्थापना दिवस समारोह

लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन(एन एम ओ) की शाखा बाराबंकी का स्थापना दिवस समारोह आज रविवार को जिला कोऑपरेटिव बैंक, बाराबंकी के सभागार में धूमधाम से संपन्न हुआ। ।कार्यक्रम का शुभारंभ ओम के उच्चारण के साथ किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाराबंकी डॉ अवधेश यादव, विशिष्ट अतिथि किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ के पूर्व उपकुलपति तथा एनएमओ के राष्ट्रीय बौद्धिक प्रमुख डा एम एल बी भट्ट, एन एम ओ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विजय कुमार तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उ.प्र के सह सम्पर्क प्रमुख श्रीमान मनोज जी द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया तथा सभी अतिथियों ने भारत माता तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

एन एम ओ शाखा बाराबंकी की नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डॉ राकेश शंकर गुप्ता जी द्वारा किया गया जिसमें में डॉ रोहित अग्रवाल को जिलाअध्यक्ष, डॉ रोहित प्रसाद को जिला सचिव, डा रंजय गुप्ता को सहसचिव, डा पंकज जायसवाल तथा डा आशीष रस्तोगी को उपाध्यक्ष, डा एन के गुप्ता तथा डा आरती यादव को संगठन सचिव, डा रुचि टंडन को कोषाध्यक्ष तथा डॉ आयुष्मान सिंह को सह कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। डा शरद टण्डन, डा रवि आहूजा, डा विनय जैन, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाराबंकी डा डी के श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय बाराबंकी डा बृजेश कुमार तथा जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ सर्जन डा डी सी पाण्डेय को संगठन का संरक्षक घोषित किया गया।

### कांग्रेस पूर्व सांसद राजकरन सिंह का आसामियक निधन

**अमेठी।** जिले के बुजुर्ग कांग्रेस सें पूर्व सांसद सुल्तानपुर रहें राज करन सिंह का आसामियक निधन हो गया। इस खबर से अमेठी, सुल्तानपुर मे कांग्रेस नेताओ और कार्यकर्ताओ मे शोक लहर छा गयी। खबर सुनकर लखनऊ और दिल्ली तक के नेता गम मे डूब गए, और श्रद्धांजलि दी ।कांग्रेस प्रान्तीयअध्यक्ष अजय राय, पूर्व मंत्री आशीष शुक्ल, अमेठी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल , महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता पाण्डेय, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश दूबे, पूर्व मंत्री मुईद अहमद, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र मिश्र, आदि ने पूर्व सांसद श्री सिंह के आसामियक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। आसामियक निधन पर कांग्रेस पार्टी की अपूरणीय क्षति हुई। जिसकी भरपाई मे वक्त लगेगा। अमेठी लोक सभा क्षेत्र के ब्लाक अध्यक्षो ने पूर्व सांसद के आसामियक निधन पर श्रद्धाञ्जालि दी। कांग्रेस अनुषागिक संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ ने पूर्व सांसद सुल्तानपुर श्री सिंह के अन्तिम दर्शन के लिए मुसाफिरखाना आवास के लिए रवाना हुए।

## निर्वाचन अधिकारी ने विजयी प्रत्याशियों को वितरित किए प्रमाण पत्र



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों से निर्वाचित सदस्यों में से जनपद की जिला योजना समिति के सदस्यों के सामान्य निर्वाचन हेतु 25 जून रविवार को पूर्वान्ह 08 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक मतदान एवं अपरान्ह 03 बजे से कार्य की समाप्ति तक मतगणना जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष कलक्ट्रेट पर सम्पन्न हुई। मतदान हेतु नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 में नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों के निर्वाचित सदस्यों द्वारा अपने मत का प्रयोग किया गया। रविवार को हुए मतदान के अन्तर्गत 168 मतों में से 137 मत डाले गए, जिसमें से पुष्पेन्द्र कुशवाह को 36 मत, हरीशंकर को 100 मत मिले, तो वहीं एक मत निरस्त किया गया। इस प्रकार हरीशंकर को 64 मतों से विजयी घोषित कर निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान पूर्व में निर्विरोध विजयी प्रत्याशियों को भी विजयी प्रमाण दिए गए। जिला योजना समिति के सदस्यों के रिक्त पदों यथा अनुसूचित जाति से के 01 पद पर मुनीश कुमार निर्विरोध, अनारक्षित महिला के रिक्त 02 पद पर राजबेटी निर्विरोध, चन्द्र प्रभा शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुई एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के रिक्त 01 पद पर रविवार को हुए मतदान के दौरान हरीशंकर को 100 मत प्राप्त हुए।

इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चैधरी, डीसी मनरेगा प्रभूदयाल, वरिष्ठ सहायक सुरेन्द्र सिंह, विनीत कुमार, सौरभ बघेल, अभिषेक श्रीवास्तव, राकेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# ड्यूटी पर सोते रहते हैं

## धानापुर विद्युत उपकेंद्र के एसएसओ!

**» आठ-आठ घंटे पर बदलने वाले एसएसओ की तीन-तीन दिन तक ड्यूटी लगाते हैं अफसर**



लोकमित्र ब्यूरो

**चंदौली।** इसे विजली विभाग के अफसरों की जिद कहें या फिर उनकी उदासीनता, कि प्रतिदिन आठ-आठ घन्टे पर बदलने वाली उपकेंद्र के एसएसओ की ड्यूटी लागातर तीन तीन दिन के लिए लगा दी जाती है। जी हां, हम बात कर रहे हैं चंदौली जिले के धानापुर विद्युत उपकेंद्र का, जहां प्रतिदिन आठ आठ घन्टे की ड्यूटी के लिए नियुक्त हुए तीन एसएसओ लगातार तीन तीन दिन तक काम करते रहते हैं। जिसके चलते वे उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करना तो दूर अक्सर ड्यूटी पर ही सो जाते हैं।

जिले के धानापुर ब्लॉक अंतर्गत 33/11 विद्युत उपकेंद्र में प्रतिदिन आठ आठ घन्टे ड्यूटी करने के लिए तीन अलग अलग एसएसओ नियुक्त किये गये हैं। लेकिन ये तीनों रोज आठ आठ घन्टे की जगह लागातार तीन तीन दिन तक ड्यूटी करते हैं। इस वजह से अक्सर वे ड्यूटी पर ही न केवल सोते रहते हैं। बल्कि सीयूजी नंबर को भी स्विच ऑफ कर देते हैं। जिससे उपभोक्ताओं को कई तरह की परेशानियों से दो चार होना पड़ता है। परंतु आश्चर्यजनक यह है कि जेई एसडीओ से लेकर एक्सईएन और चीफ तक न जाने क्यों इनपर मेहरबान हैं। शनिवार की रात से धानापुर कस्बा की लाइन खराब है। पूरा कस्बा उमस भरी गर्मी में परेशान रहा। किंतु पूरी रात उपकेंद्र पर कार्यरत विद्युत कर्मचारियों की लापरवाही के चलते आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ गया। उपभोक्ताओं की माने तो ड्यूटी पर सोते रहने एवं सरकारी मोबाइल (सीयूजी नंबर) बंद रहने के कारण अक्सर दुर्घटना होंने की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने डीएम का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

### पुलिस अधिकारियों से वार्ता करती महानिदेशक यातायात अनुपमा कुलश्रेष्ठ

**अयोध्या।** रामनगरी दौरे पर पहुंची अपर पुलिस महानिदेशक यातायात अनुपमा कुलश्रेष्ठ रविवार को दर्शन पूजन और भ्रमण के दौरान मीडिया से मुखातिब हुई। उन्होंने कहा कि अयोध्या का अंतर्राष्ट्रीय मानक के मुताबिक विकास हो रहा है। जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण चल रहा है और गर्भगृह में रामलला के विराजमान होने के बाद देश विदेश से भारी भीड़ आएगी। पर्यटकों और श्रद्धालुओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ट्रैफिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती बढ़ाई जाएगी तथा अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसके लिए पुख्ता योजना का खाका तैयार किया जा रहा है। एडीजी ने कहा कि जनवरी 2024 में राम मंदिर का लोकार्पण प्रस्तावित है। मंदिर निर्माण के दौरान दिन-प्रतिदिन अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है।

# धानापुर में ट्रैक्टर ट्रॉली से दबकर चालक की दर्दनाक मौत!

## जेसीबी से खोदी जा रही मिट्टी को ट्रैक्टर ट्रॉली से ढुलाई का काम करता था धीरज

**» ट्रैक्टर ट्रॉली के हाइड्रोलिक में आई खराबी को दूर करते समय हुआ हादसा**

लोकमित्र ब्यूरो

**चंदौली।** जिले के धानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रमरजाय गांव के समीप शनिवार की रात ट्रैक्टर ट्रॉली से दबकर चालक की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और आगे की कार्यवाई में जुट गई।

मूलतः इसी थाना क्षेत्र के प्रसहता गांव निवासी गोविंद यादव का पुत्र 26 वर्षीय धीरज यादव जेसीबी के साथ ट्रैक्टर से मिट्टी ढुलाई का कार्य करता है। शनिवार को रमरजाय गांव के पास चल रही जेसीबी से ट्रैक्टर पर मिट्टी लादकर किसी गांव में



गिराने जा रहा था। इसी बीच ट्रॉली की हाइड्रोलिक ऊपर उठाने के बाद नीचे नहीं आ रही थी। जिसे ठीक करने के लिए ट्रैक्टर चालक धीरज ट्रॉली के हिच के नीचे चला गया। तभी यकायक ट्रॉली ऊपर से नीचे गिर आई। और उसमें धीरज दब गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी होने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और अन्त्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष प्रशांत सिंह का कहना है कि ट्रैक्टर ट्रॉली से दबकर चालक की मृत्यु के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट एवं परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

### फेसबुकिया भाजपा नेताओं के इशारे पर चल रहा अवैध खनन का खेल

चंदौली। जिले के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री के नामपर अक्सर अफसरों को अर्दब में लेने वाले तथाकथित फेसबुकिये भाजपा नेताओं की अवैध कमाई का एक बड़ा माध्यम जेसीबी है। जिसके जरिए वे कुर्ते की सफेदी और गाड़ियों के डीजल पेट्रोल का खर्चा निकालते रहते हैं। और वही जेसीबी जब कभी अवैध खनन करते हुए पकड़ी जाती है तो उसे फिर वही दबाव बनाकर छोड़वा दिया जाता है। इस वजह से अवैध रूप से खनन कर रहे माफियाओं पर भी पुलिस प्रशासन का कोई जोर नहीं चल पाता है।

# 'देश के इतिहास में आपातकाल को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा'



**नई दिल्ली।** देश में आपातकाल लगाए जाने के 48 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने उन लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया था। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'मैं उन लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और देश में लोकतंत्र की भावना को मजबूत करने के लिए काम किया। आपातकाल हमारे देश के इतिहास का कभी ना भूला जा सकने वाला समय है, जो संविधान के मूल्यों के पूरी तरह खिलाफ है।' बता दें कि पीएम मोदी फिलहाल मिस्त्र के दौरे पर हैं।

### भाजपा अध्यक्ष ने भी गांधी परिवार को घेरा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी आपातकाल को याद करते हुए ट्वीट किया है। ट्वीट में नड्डा ने लिखा कि '25 जून 1975 को एक परिवार ने अपने तानाशाही रवैये के कारण देश के महान लोकतंत्र की हत्या की और आपातकाल जैसा कलंक थोपा था। जिसकी निर्दयता ने सैकड़ों वर्षों के विदेशी शासन के अत्याचार को भी पीछे छोड़ दिया। ऐसे कठिन समय में असीम यातनाएं सहकर लोकतंत्र की स्थापना के लिए संघर्ष करने वाले सभी राष्ट्र भक्तों को नमन करता हूं'

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आपातकाल के मुद्दे पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि 'कांग्रेस पार्टी ने 1975 में देश में आपातकाल लागू कर दिया था। कांग्रेस पार्टी ने एक परिवार के लिए देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया। देश में संविधान को सस्पेंड करने के विरोध में आज का दिन काले दिन के रूप में मनाया जाता है। आज के युवाओं को भी याद रखना चाहिए कि कांग्रेस देश के लिए कितनी खतरनाक है।'

बता दें कि इंदिरा गांधी की सरकार में 25 जून 1975 को देश में इमरजेंसी लागू की थी। यह इमरजेंसी 21 महीने यानी 21 मार्च 1977 तक चली। इंदिरा गांधी ने संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए देश में आपातकाल लागू किया था।

## केजरीवाल के जेल जाने की तैयारी पूरी, इसलिए BJP से करना चाहते हैं समझौता: अजय माकन

**नई दिल्ली।** केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ विपक्ष से समर्थन मांगने निकली आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच जंग तेज हो गई है। रविवार को कांग्रेस नेता अजय माकन ने आप और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि एक तरफ आप कांग्रेस से समर्थन मांग रही है, दूसरी तरफ वे पार्टी के खिलाफ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा करके अरविंद केजरीवाल क्या चाहते हैं, क्या वे कांग्रेस का समर्थन लेना चाहते हैं या उससे दूरी बनाना चाहते हैं।

कांग्रेस नेता अजय माकन ने आगे कहा कि एक तरफ सीएम अरविंद केजरीवाल कांग्रेस का समर्थन मांग रहे हैं दूसरी तरफ राजस्थान जाकर पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक अशोक गहलोत, जो तीन बार के मुख्यमंत्री रहे हैं उनके खिलाफ बोल रहे हैं।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 17 करोड़ के पकड़े प्रतिबंधित नशीले पदार्थ, 3 .47 किग्रा हेरोइन भी जब्त

**मिजोरम।** मिजोरम पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। उसने दो व्यक्तियों के पास से प्रतिबंधित नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। इनकी कीमत लगभग 17 करोड़ रुपये बताई जा रही है। वही, इन आरोपियों के कब्जे से 3.47 किलोग्राम हेरोइन भी मिली है। इन्हें साबुन के डिब्बों में छिपाया गया था।

मिजोरम पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को ममित जिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से बड़ी संख्या में 17 करोड़ रुपये के प्रतिबंधित नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। इसके अलावा हेरोइन भी बरामद की गई है। पुलिस ने कहा कि 270 साबुन के डिब्बों में करीब 3.27 किलोग्राम हेरोइन छिपाई गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान एमडी इदरीश मिया और खुगोन दास के रूप में हुई है।

## बांकुरा में मेंटेनेंस ट्रेन से मालगाड़ी की टक्कर, दुर्घटना इतनी गंभीर कि पलट गए इंजन



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बांकुरा में रविवार सुबह बड़ी रेल दुर्घटना हुई। यहां के ओंडा रेलवे स्टेशन के करीब दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी गंभीर थी कि दोनों मालगाड़ियों के इंजन न सिर्फ पटरी से उतर गए, बल्कि वहीं पलट गए। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें रेलवे ट्रैक और मालगाड़ियों को हुए भारी नुकसान को देखा जा सकता है। इस घटना के बाद खड़गपुर-बांकुरा-आद्रा रेल लाइन को बंद कर दिया गया है। फिलहाल इस घटना में कितना नुकसान हुआ है और कितने हताहत हुए हैं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

इस घटना के बाद खड़गपुर-आद्रा के बीच चलने वाली 14 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया, वहीं तीन ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है, जबकि दो के स्टेशनों में बदलाव किया गया है।

### कैसे हुई यह घटना?

दक्षिण-पूर्व रेलवे ने बताया कि रेलवे की मेंटेनेंस ट्रेन ओंडाग्राम स्टेशन जा रही थी। इस बीच मालगाड़ी लाल सिग्नल को भी पार कर गई और रुकी नहीं। इसकी टक्कर बीआरएन मेंटेनेंस ट्रेन से हो गई। सुबह 4.05 बजे मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। घटनास्थल पर रेलवे कर्मियों की एक टीम भेज दी गई है और पटरियों की मरम्मत जारी है। सुबह पौने आठ बजे तक अप मेल लाइन और अप लूप लाइन को चालू कर लिया गया।

## पटना बैठक के बाद अधीर रंजन बोले– टीएमसी के खिलाफ लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पटना में विपक्षी दलों की बैठक को 24 घंटे भी नहीं बीते कि बंगाल प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को साफ कर दिया कि बंगाल में आगामी लोकसभा चुनाव कांग्रेस और वामदल मिलकर तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ लड़ेंगे। वहीं, कांग्रेस गठबंधन पंजाब और दिल्ली में आप को शामिल करने के पक्ष में नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने आप को भाजपा की बी टीम करार दिया है।

बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि ममता को समझ आ गया है कि राजनीति किधर जा रही है। इसलिए वह राहुल गांधी को मनाने पटना गई थीं। चौधरी ने कहा, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और वामदल बंगाल में तृणमूल के खिलाफ लड़ेंगे। चोर और अपराधियों की हम कोई बात नहीं सुनना चाहते। ममता अब एक आभासी सीएम हैं। वर्तमान सीएम 'खोकाबाबू' हैं। अब तक कांग्रेस ममता को सड़ी हुई लगती थी। अब समझ आने लगा है कि भविष्य कांग्रेस का है। इसलिए, अभी से उन्होंने कांग्रेस को मनाना शुरू कर दिया है। चौधरी ने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर कुछ भी हो लेकिन बंगाल में कांग्रेस कभी भी ममता के नेतृत्व में नहीं चलेगी। कांग्रेस भाजपा को हराने के लिए लड़ रही है। राहुल ने भारत यात्रा करके दिखा दिया है कि कांग्रेस क्या कर सकती है।

पटना में विपक्षी दलों की मीटिंग के बाद पंजाब की राजनीति भी गरमा गई। कांग्रेस गठबंधन में आप को शामिल करने के पक्ष में नहीं है। नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने आप पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने आप को भाजपा की बी टीम करार दिया है। उनका कहना है कि गठबंधन में आप शामिल होगी या नहीं, इस पर आखिरी फैसला पार्टी हाईकमान को लेना है। हालांकि उन्होंने साफ किया कि अगर दिल्ली और पंजाब में आप से समझौता होता है तो इससे कांग्रेस को ही नुकसान होगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप बाजवा का कहना है कि आम आदमी पार्टी ने 2014 में दस्तक दी थी।

उस समय भी दिल्ली में कांग्रेस ने आप का समर्थन किया। लेकिन उसका नतीजा बिल्कुल विपरीत हुआ था। पार्टी पूरी तरह से दिल्ली में खत्म हो गई। ऐसे ही हालत पंजाब में है। क्योंकि पंजाब में पार्टी नंबर दो पर है। मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। अगर आप और कांग्रेस में समझौता होता है तो इससे जनता के बीच गलत संदेश जाएगा। जहां तक दिल्ली सरकार के खिलाफ लगाए अध्यादेश का मामला है तो उस पर फैसला मानसून सत्र में लिया जाना है। अभी उस पर फैसला लेने की बात उचित नहीं है।

## त्रिपुरा सरकार का फैसला, 75 गांवों को स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से जाना जाएगा

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने राज्य के 75 सीमावर्ती गांवों का नामकरण करने का फैसला लिया है। इन गांवों का नाम उन स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखने का फैसला किया है, जिन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि नाम बदलने की परियोजना को आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में शुरू किया जाएगा। गौरतलब है, देश इस साल अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने का कार्यक्रम जुलाई में शुरू होगा, जो 15 अगस्त तक चलेगा। सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों के सचिव पीके चक्रवर्ती का कहना है कि आठ जिलों के 75 गांवों का नाम बदला जाएगा। इन गांवों की पहचान जिला स्तरीय समितियों द्वारा की जाएगी। प्रशासन ने पहले ही राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों और देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान की एक सूची तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि नाम बदलने के अलावा, चुने गए गांवों में 75 स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी और उनके परिवार के सदस्यों को सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। चक्रवर्ती ने कहा कि नामकरण के अवसर पर मैराथन, साइकिल रैली, क्रांतिवीर संगीत समारोह, सिट एंड ड्रॉ, स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और कार्यों पर गीत और नाटक आदि आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए कई कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा, सभी 75 गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## भारतीय वायुसेना ने चलाया रणविजय अभ्यास, दिन–रात अपनी क्षमताओं का किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना लगातार अपने आप को मजबूत रखने के लिए अभ्यास करता रहता है। इसी क्रम में, उसने 16 से 23 जून तक रणविजय अभ्यास आयोजित किया। इस दौरान वायु सेना ने अपनी सभी ताकतों को प्रदर्शन किया।

सेना के एक अधिकारी ने बताया कि आठ दिन के रणविजय अभ्यास को यूबी हिल्स और सेंट्रल एयर कमांड एरिया ऑफ रिस्पॉन्सिबिलिटी में आयोजित किया गया था। इस अभ्यास में सेना ने दिन-रात नहीं देखा। उसने अपनी पूरी ताकत और सभी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। भारतीय वायु सेना ने एकीकृत संचालन पर ध्यान केंद्रित किया गया था। उसने अभ्यास में इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताओं का प्रयोग करते हुए एकीकृत संचालन पर ध्यान केंद्रित किया था।

गौरतलब है, भारतीय वायुसेना बहुराष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास का आयोजन करने वाला है। अभ्यास पश्चिमी रेगिस्तान में किया जाएगा। इसमें अमेरिकी सहित अन्य देशों की वायुसेना शामिल होगी। वायुसेना के एक अधिकारी ने हाल ही में बताया था कि बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास का आयोजन इसी साल के आखिरी तिमाही में किया जाएगा। अभ्यास में 10 से 12 देशों की वायुसेना शामिल होंगी।

रेगिस्तान में आयोजित होने वाला बहुराष्ट्रीय अभ्यास वायुसेना के इतिहास में सबसे बड़ा होगा। बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास में राफेल और सुखोई-30 मुख्य रूप से शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य विमानों की ताकत का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

### वायु सेना, थल सेना ने मध्य क्षेत्र में संयुक्त अभ्यास किया

इस बीच वायु सेना ने मध्य क्षेत्र में थल सेना के साथ एक संयुक्त अभ्यास भी किया था। इसमें दोनों सेनाओं की अभियान संबंधी तैयारियों का जायजा लिया गया था। इससे पहले हिंद महासागर क्षेत्र में वायु सेना के दो रणनीतिक मिशन आयोजित किए गए, जिसमें राफेल और एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया। बता दें कि कुछ दिन पहले वायु सेना के एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमानों के एक बेड़े ने हिंद महासागर क्षेत्र में एक रणनीतिक मिशन के तहत आठ घंटे का अभ्यास किया। इसी तरह चार राफेल विमानों ने अभियान को अंजाम दिया था।

## नवी मुंबई में घरों के बाहर लगे पीएफआई समर्थक पोस्टर, दरवाजों पर बांधे पटाखे

**मुंबई।** मुंबई में अज्ञात लोगों द्वारा कुछ घरों के बाहर पीएफआई के समर्थन में पोस्टर लगाने और पटाखे बांधने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पीएफआई समर्थक पोस्टरों और पटाखों को जब्त कर लिया है। पोस्टरों पर 'पीएफआई जिंदाबाद' और '786' लिखा हुआ है।



खबर के अनुसार, नवी मुंबई के न्यू पनवेल इलाके में कुछ अज्ञात लोगों ने हरी स्याही से 'पीएफआई जिंदाबाद' और '786' लिखकर पोस्टर कुछ घरों के दरवाजों पर चिपका दिए। पोस्टरों के साथ ही आरोपियों ने पटाखे भी घरों के बाहर बांध दिए। घटना शनिवार की है। शिकायत पर खांडेश्वर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 153(ए) (दो समूहों के बीच धर्म, नस्ल, जन्मस्थान और आवासीय स्थान के आधार पर वैमनस्यता फैलाने) के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### केंद्र सरकार ने बीते साल पीएफआई को किया था प्रतिबंधित

इस मामले में पुलिस ने अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है। बता दें कि बीते साल सितंबर में केंद्र सरकार ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और इसके कई सहयोगी संगठनों पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। केंद्र सरकार ने यूएपीए एक्ट के तहत यह कार्रवाई की थी। पीएफआई पर आरोप लगे कि इसके संबंध अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन आईएसआईएस के साथ हैं।

## ट्रैवलर ने बाइक सवार को मारी ऐसी टक्कर विंड शील्ड से घुसी मोटरसाइकिल, पिता की मौत, बेटा घायल

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक हादसे में एक युवक की मौत हो गई है, जबकि उसका नाबालिग बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि एक ट्रैवलर वाहन ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मारी, जिसमें बाइक सवार जाकिर हुसैन की मौत हो गई। वहीं जाकिर का नाबालिग बेटा गंभीर रूप से घायल हुआ है। हैरानी की बात ये है कि टक्कर ऐसी थी कि बाइक ट्रैवलर वाहन की विंड शील्ड तोड़कर छत से वाहन में घुस गई। इसकी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। कोयंबटूर पुलिस ने बताया कि घटना केजी चावड़ी चेकपोस्ट की है। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। वहीं सोशल मीडिया पर हादसे की वीडियो बताकर एक वीडियो शेयर की जा रही है।

## तीन साल से घर पर कर रहे थे भांग की खेती, केरल और तमिलनाडु के तीन छात्र गिरफ्तार



**कर्नाटक।** कर्नाटक से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक छात्र ने किराए के घर पर ही नशीले पदार्थ उगाना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, बाद में छात्र नशीले पदार्थ की तस्करी भी करने लगा। कर्नाटक के शिवमोग्गा से तीन छात्रों को भांग उगाने और बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विघ्नराज, पांडीदोराई और विनोद कुमार के रूप में हुई है।

शिवमोग्गा के पुलिस अधीक्षक जीके मिथुन कुमार ने बताया कि तमिलनाडु के कृष्णागिरी का रहने वाला 28 वर्षीय विघ्नराज को घर पर भांग उगाते हुए पकड़ा गया है। वह घर पर भांग उगाने के लिए उन्नत कृषि तकनीक का उपयोग करता था। बाद में, कॉलेजों के अन्य छात्रों को बेच देता था।

### तीन को किया गिरफ्तार

पुलिस ने कहा कि जानकारी मिली है कि आरोपी विघ्नराज पिछले साढ़े तीन महीने से इस धंधे में शामिल था। उन्होंने कहा कि अन्य दो आरोपियों को उस वक्त रिगफ्तार किया गया, जब वे प्रतिबंधित पदार्थ खरीदने आए थे। आरोपियों की पहचान केरल के इडुक्की निवासी विनोद कुमार (27) और तमिलनाडु के धर्मपुरी निवासी पांडीदोराई (27) के रूप में हुई है।

### ये सामान भी जब्त

बता दें, पुलिस ने छापेमारी में आरोपियों के कब्जे से 227 ग्राम गांजा, 1.53 किलो कच्चा गांजा, 10 ग्राम चरस, गांजा के बीज वाली एक छोटी बोतल, 3 भांग के तेल की सिरिंज, गांजा पाउडर बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दो कैन, एक इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन और 19 हजार रुपये नकद समेत कई वस्तुएं बरामद की हैं। पुलिस ने तीनों छात्रों को गिरफ्तार करके विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## मुंबई के घाटकोपर में भारी बारिश के चलते गिरी इमारत

### चार लोग सुरक्षित निकाले गए, दो फंसे



**मुंबई।** मुंबई में मानसून के दस्तक देते ही भारी बारिश का दौर शुरू हो गया है। शनिवार रात से हो रही भारी बारिश के चलते मुंबई के घाटकोपर इलाके में एक रिहायशी इमारत ढह गई। इस इमारत के मलबे में छह लोग दब गए, जिनमें से चार को सुरक्षित बचा लिया गया है लेकिन दो लोग अभी भी मलबे में फंसे हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है। एनडीआरएफ की तीन टीमें मौके पर मौजूद हैं और राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। इमारत के पहले तल पर दो लोग फंसे हुए हैं, जिन्हें सुरक्षित बचाने के लिए राहत कार्य चल रहा है।

### लोगों को बचाने में जुटीं एनडीआरएफ की टीमें

एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट सारंग कुर्वे ने बताया कि मलबे में फंसे लोगों का पता लगाने के लिए ट्रेसिंग कैमरों की मदद ली जा रही है। जैसे ही पीड़ितों का पता चल जाएगा, उन्हें मलबे से निकालने के लिए ड्रीलिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि इमारत का ग्राउंड फ्लोर पूरी तरह से ढह गया, जिसकी वजह से पूरी इमारत ही गिर गई। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि घाटकोपर पूर्वी की राजावाड़ी कालोनी में इमारत का एक हिस्सा ढहा है। चार लोगों को बचा लिया गया है और दो लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं।

## असम में बाढ़ से पांच लाख लोग हुए प्रभावित, महंगाई आसमान छू रही, गृह मंत्री ने सीएम से की बात



**गुवाहाटी।** असम में आई विनाशकारी बाढ़ से सब्जियों और खाने-पीने की अन्य चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। दरअसल बाढ़ से राज्य की करीब 11 हजार हेक्टेयर जमीन पर खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। इससे राज्य में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। बाढ़ के चलते सप्लाई चेन भी प्रभावित हुई है, इसकी वजह से भी राज्य में खाने-पीने के अन्य सामान की किल्लत हो गई है और जो चीजें मिल रही हैं, वो महंगे दामों पर मिल रही हैं।

असम में आई बाढ़ से अभी तक 19 जिलों के करीब 4.89 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। बीते 24 घंटे में बाढ़ से नलबाड़ी जिले में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन की रिपोर्ट के अनुसार, अकेले बाजाली जिले में बाढ़ से ढाई लाख लोग प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा नलबाड़ी में 80061, बारपेटा में 73233, लखीमपुर में 22577, दारंग में 14583, तामुलपुर में 14180, बाक्सा में 7282, गोआलपाड़ा में 4750 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ ने 1538 गांवों को अपनी चपेट में लिया है।

### ब्रह्मपुत्र नदी खतरे के निशान से ऊपर

ब्रह्मपुत्र नदी धुबरी और जोरहाट जिले में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बाढ़ प्रभावितों के लिए 14 बाढ़ प्रभावित जिलों में 140 राहत कैंप और 75 राहत डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन राहत कैंपों में 35142 लोग ठहरे हुए हैं। बड़ी संख्या में प्रभावित लोग सड़क के किनारे और अन्य जगहों पर रह रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर, इमरजेंसी सर्विस और सिविल डिफेंस के लोग राहत और बचाव कार्यों में जुटे हैं। बाढ़ से राज्य में आधारभूत ढांचे का भी काफी नुकसान हुआ है। बाढ़ प्रभावित जिलों में 213 सड़कें, 14 पुल, कई कृषि बंध, स्कूल की इमारतें, सिंचाई नहरें आदि तबाह हुए हैं।

### गृहमंत्री ने दिया मदद का आश्वासन

असम में बाढ़ के हालात पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चिंता जताते हुए राज्य के सीएम हिमंता बिस्व सरमा से बात की और हरसंभव मदद का एलान किया। अमित शाह ने कहा कि एनडीआरएफ की टीमें ग्राउंड पर मौजूद हैं और राहत और बचाव कार्यों में जुटी हैं। मोदी सरकार असम के लोगों के साथ इस मुश्किल समय में खड़ी है। वहीं गृह मंत्री के इस ट्वीट पर राज्य के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने गृह मंत्री को राज्य की चिंता करने के लिए धन्यवाद दिया। सरमा ने कहा कि राज्य सरकार हाई अलर्ट पर है और प्रभावितों की पूरी मदद की जा रही है।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा, करंट लगने से महिला की मौत

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। एफएसएल की टीम मौके पर मौजूद है। महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लेडी हार्डिंग अस्पताल भेज दिया गया है। दिल्ली पुलिस जांच कर रही है। महिला की पहचान दिल्ली के प्रीत विहार निवासी साक्षी आहूजा के रूप में की गई है, जो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर बिजली के खंभे को पकड़ने के बाद करंट की चपेट में आ गई। वह भोपाल शताब्दी ट्रेन पकड़ने आई थी। रेलवे स्टेशन के बाहर जलभराव हो गया। प्रथम दृष्टया लग रहा है कि मृतका ने पानी में जाने से बचने के लिए पोल पकड़ लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच से यह लगता है कि बारिश के कारण पानी जमा होने के कारण करंट आने से यह हादसा हुआ है। ऐसा प्रतीत होता कि इंसुलेशन फेलियर के कारण केबल से करंट आ गया।

## अमेरिका से महंगे ड्रोन्स खरीदने की बात गलत, सरकार ने बयान जारी कर कहा– अभी कीमत तय होना बाकी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका दौरे पर एमक्यू-9बी ड्रोन्स खरीद के सौदे पर अंतिम मुहर लगी है। हालांकि सोशल मीडिया पर कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि सरकार ने महंगे दाम पर यह ड्रोन्स डील की है। हालांकि अब सरकार ने इन खबरों को गलत बताकर खारिज कर दिया है और बताया है कि अभी ड्रोन्स की कीमतें तय होनी बाकी हैं। सरकार ने कहा कि ऐसी रिपोर्ट्स फैलाकर ड्रोन्स अधिग्रहण के सौदे को ना होने देने की कोशिश की जा रही है।

भारतीय रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 31 एमक्यू-9बी ड्रोन्स खरीदने के सौदे को मंजूरी दी थी। इस सौदे के तहत 16 हवा में नजर रखने वाले ड्रोन्स और 15 समुद्र में नजर रखने वाले ड्रोन्स खरीदे जाने हैं। तीनों सेनाओं के लिए इन ड्रोन्स की खरीददारी की जाएगी। इस सौदे की अमेरिकी सरकार ने अनुमानित कीमत 3,072 मिलियन यूएस डॉलर बताई है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अमेरिकी सरकार से पॉलिसी को मंजूरी के बाद ड्रोन्स की कीमतों में मोलभाव किया जाएगा।

### महंगे दाम पर ड्रोन्स खरीदने की रिपोर्ट्स को नकारा

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह देखा जाएगा कि जनरल एटोमिक्स ने अन्य देशों को किस कीमत पर ड्रोन्स बेचे हैं। उसके बाद कीमत को लेकर मोलभाव किया जाएगा। बता दें कि सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी खबरें चल रही हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि भारत सरकार ने महंगे दाम पर एमक्यू-9बी ड्रोन्स की डील की है। अब सरकार ने इससे इनकार कर दिया है और इन रिपोर्ट्स को भ्रामक बताया है। सरकार ने लोगों से भ्रामक खबरों को बढ़ावा ना देने की अपील की है और कहा है कि इससे हमारे सुरक्षा बलों के मनोबल पर गलत असर पड़ेगा।

### बेहद खास हैं प्रीडेटर ड्रोन

एमक्यू-9बी रीपर या प्रीडेटर ड्रोन की सबसे बड़ी खासियत ये है कि ये ड्रोन 40 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर करीब 40 घंटे तक उड़ान भर सकता है। यह ड्रोन सर्विलांस और हमले के लिहाज से बेहतरीन है और हवा से जमीन पर सटीक हमले करने में सक्षम हैं।